डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,049.67 +62.88

डॉलर 83.518 -0.001

रांची सर्राफा

10 ग्राम 72,140 | 01 किलो 97,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 05 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक- 257, पृष्ठ-10 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं. आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 पीएम मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर...



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## समस्त झारखण्ड एवं समस्त देशवासियों को



# हूल जोहार

सत्यमेव जयते!



प्रिय झारखण्डवासियों,

आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए हम आभारी हैं। आपके भरोसे पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास पूर्व की भांति जारी रहेगा। हम पुन: एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, एक ऐसा युग जहाँ विकास और समावेशिता साथ साथ चलेंगे।

श्री हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 328706 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 05 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-257, पृष्ठ-10 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



पीएम मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर...

**संसेक्स**
80,049.67 ▲ +62.88

**डॉलर**
83.509 ▲ -0.010

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 72,510
01 किलो 91,860

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# हेमंत सोरेन 154 दिनों बाद फिर से बने झारखंड के सीएम

- शपथ ग्रहण के पूर्व पिता शिबू सोरेन का चरणस्पर्श कर आगामी चुनौतियों से निपटने का आशीर्वाद लिया
- समारोह में कार्यवाहक सीएम चम्पाई सोरेन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई मंत्री मौजूद थे



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेल से रिहाई के बाद हेमंत सोरेन गुरुवार को एक बार फिर झारखंड के मुख्यमंत्री बन गए। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इसके साथ हेमंत सोरेन तीन बार सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुख्यमंत्री बन गए। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन 13 जुलाई, 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद 29 दिसंबर, 2019 को और अब तीसरी बार चार जुलाई को मुख्यमंत्री बने हैं। इस मौके पर झामुमो प्रमुख और हेमंत के पिता शिबू सोरेन, माता रुपी सोरेन, कार्यवाहक मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री बादल पत्रलेख, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सांसद महुआ माजी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक कल्पना सोरेन, दीपिका पांडेय सिंह, बैजनाथ राम सहित सत्ता पक्ष के सभी विधायक और अन्य उपस्थित थे। इससे पहले हेमंत सोरेन ने पिता और सांसद शिबू सोरेन के पास जाकर उनके चरण छूए। साथ ही सोशल मीडिया पर इसे शेयर करते हुए लिखा कि बाबा से मिलकर आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए उनका आशीर्वाद लिया। राज्य में गुरुवार की सुबह से ही मुख्यमंत्री आवास से लेकर राजभवन के बीच सियासी सरगर्मी बनी हुई थी। सुबह सीएम हाउस में बैठक के बाद हेमंत सोरेन सहयोगियों के साथ राजभवन गये थे। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर मनोनीत किया। शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित भी किया। इसके बाद चर्चा रही कि सात जुलाई को हेमंत सहित कैबिनेट में शामिल किए गये सहयोगियों के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। इस दिन रांची में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का भी कार्यक्रम होना है। इसलिए इस पावन दिन को शपथ ग्रहण समारोह होगा लेकिन दोपहर होते-होते यह खबर सामने आई कि गुरुवार की शाम पांच बजे राजभवन में हेमंत सोरेन अकेले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल में जो भी नाम तय होंगे, उनके लिए शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम बाद में आयोजित होंगे।

## मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन ने जारी किया वीडियो

**रांची।** हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद एक वीडियो संदेश जारी किया। पांच मिनट 14 सेकेंड के इस वीडियो में उन्होंने देश और झारखंड की जनता को याद दिलाया कि 31 जनवरी को उन्होंने इसी जगह से लोगों को एक संदेश दिया था। इस संदेश में उन्होंने कहा था कि विरोधियों ने उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा और उसमें कामयाब भी हुए। हेमंत ने कहा कि पांच महीने तक इन लोगों ने मुझे अलग-अलग तरीके से लंबे समय तक जेल में रखने का प्रयास किया। हमने भी कानूनी लड़ाई का रास्ता चुना। सड़कों पर आपने हमें भरपूर सहयोग दिया। अंततः न्याय के आदेश के अनुरूप और न्याय ने मुझे पाक-साफ करार देते हुए बरी किया। आज मैं पुनः आपके सामने हूं। हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्ष 2019 में आप सब लोगों ने मुझे राज्य को एक दिशा देने के लिए और आपकी सेवा करने का मौका दिया था लेकिन षड्यंत्रकारियों को यह पचा नहीं कि एक आदिवासी नौजवान इतने ऊंचे पद पर रहे। अंततः 31 जनवरी को इन लोगों ने बेबुनियाद आरोपों पर और झूठे मुकदमे बनाकर मुझे मुख्यमंत्री के पद से हटने के लिए मजबूर कर दिया। झामुमो नेता ने कहा कि भगवान के घर में अंधेर नहीं रहता है। कहीं न कहीं आज आपलोगों की दुआ और आपका आशीर्वाद मिला। झारखंड एकता का जो परिचय आपने दिया है, उसके लिए हम आपके सदैव ऋणी रहेंगे। हमने पहले भी कहा है कि हम झारखंड प्रदेश और यहां के आदिवासी, पिछड़े, दलित, किसान, मजदूर की आवाज हैं। लड़कर झारखंड लिया है। गरीबों को कभी किसी ने प्यार से कुछ नहीं दिया, उन्हें हमेशा संघर्ष करना पड़ा है। हेमंत सोरेन ने कहा कि जब आपने हमें सेवा करने का मौका दिया, तो हम अनवरत आपके दरवाजे तक पहुंचने की कोशिश की लेकिन इन लोगों ने एड़ी-चोटी का जोर लगाकर हमारे कदमों को कुछ देर के लिए रोक दिया। हम फिर आपके बीच आ रहे हैं। आपका हक-अधिकार आप तक पहुंचाने का मेरा प्रयास रहेगा।मेरा हर एक निर्णय यहां के मूलवासी-आदिवासियों, दबे-कुचले, शोषित-पिछड़े वर्गों के लिए होगा। हेमंत ने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद हमलोग की जो रुकी हुई गाड़ी थी, उसको और गति के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। गांव-गांव तक हम सबलोग पहुंचेंगे। सरकार के विकास कार्यों को रफ्तार दिया जाएगा। अंत में उन्होंने कहा कि झारखंड रुकेगा नहीं, झारखंड झुकेगा नहीं।

## मुख्यमंत्री से नेताओं और अधिकारियों ने की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में गुरुवार को मंत्री, विधायक और अधिकारियों ने मुलाकात की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक हफीजुल हसन, विधायक कल्पना सोरेन, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह समेत अन्य वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने औपचारिक मुलाकात कर मुख्यमंत्री को बधाई दी।

## हेमंत सरकार का 8 जुलाई को विश्वास मत परीक्षण

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली नई सरकार का विश्वास मत परीक्षण 8 जुलाई को विधानसभा के पटल पर होगा। गुरुवार शाम सीएम पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली एक सदस्यीय कैबिनेट ने इसके लिए विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आहूत करने की स्वीकृति दी है। आधिकारिक तौर पर जारी सूचना में बताया गया है कि 8 जुलाई को झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-139 के अधीन मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद में विश्वास का प्रस्ताव पेश करेंगे। इस पर वाद-विवाद के बाद मतदान होगा। माना जा रहा है कि कैबिनेट का विस्तार अब विश्वास मत परीक्षण के बाद होगा।

## मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव बने अविनाश कुमार

**रांची।** आईएएस अविनाश कुमार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक तथा राजभाषा विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार उर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित अविनाश कुमार को मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा कुमार पर झारखंड के विकास आयुक्त, झारखंड उर्जा विकास निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं नई दिल्ली के झारखंड भवन के मुख्य स्थानिक आयुक्त का भी अतिरिक्त प्रभार है। वह 1993 बेंच के आईएएस अधिकारी है।



झामुमो सहित पूरा इंडी ठगबंधन परिवारवाद और सत्ता की भूख से ग्रसित है। सोरेन परिवार का एक ही मंत्र, मैं ही रहूंगा और कोई नहीं।

**– शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री।**



शिबू सोरेन परिवार की डिक्शनरी में आदिवासी का मतलब केवल उनका परिवार होता है। बाकी आदिवासी परिवारों को ये अपना पिछलग्गू बनाकर ही रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ये वही चम्पाई सोरेन हैं, जिन्होंने झामुमो सुप्रीमो गुरुजी के साथ कदम से कदम मिलाकर आंदोलन में साथ दिया। सुख-दुख के सहभागी बने लेकिन आज उन्हें अहसास कराया गया कि वे भले पुराने आंदोलनकारी हैं, योग्य हैं, कर्मठ हैं लेकिन आपको नेतृत्व करने की छूट नहीं, केवल निर्देश के पालन का अधिकार है।

**– बाबूलाल मरांडी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष।**

## एक नजर

### झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर को दी गई विदाई



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर के कार्यकाल के अंतिम कार्य दिवस के दिन गुरुवार को उन्हें हाई कोर्ट के वकीलों ने विदाई दी। हाई कोर्ट परिसर में हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने विदाई समारोह आयोजित किया। विदाई समारोह में हाई कोर्ट के अन्य जस्टिस, महाधिवक्ता राजीव रंजन, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता, काउंसिल के सदस्य, एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार, महासचिव नवीन कुमार एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और हाई कोर्ट के सभी अधिवक्ता मौजूद थे। एक्टिंग चीफ जस्टिस ने वकीलों द्वारा उनकी विदाई में दिए गए सम्मान पर आभार जताया। साथ ही उन्होंने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि झारखंड में किया गया कार्य उन्हें हमेशा याद रहेगा। एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार और महासचिव नवीन कुमार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर को राजस्थान हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है।

## आज कल




गैर लाइसेंसी व अवैध रूप से संचालित निजी नर्सिंग होम पर कार्रवाई की तैयारी में स्वास्थ्य विभाग

# जागरूकता से ही निजी अस्पतालों पर लगाम संभव : सीएस

**जिले के दो निजी अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग ने की कार्रवाई**

**रेवती रमण**

**मेदिनीनगर।** जिला स्वास्थ्य विभाग जल्द ही गैर लाइसेंस प्राप्त व अवैध रूप से संचालित निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। पलामू जिले के कई हिस्सों से अवैध रूप से संचालित हो रहे निजी अस्पतालों व उनमें गलत तरीके से इलाज, ऑपरेशन होने की वजह से मरीजों की मौत होने तक की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे ही सूचना प्राप्त होने पर जून महीने में डीसी के आदेश पर मेदिनीनगर के पांकी रोड स्थित मईयां बाबू हॉस्पीटल का ऑपरेशन थिएटर व डॉक्टर रूम सील कर दिया गया था। साथ ही तीन दिनों पूर्व छतरपुर के वनांचल अस्पताल के ऊपर शिकायत मिलने पर कार्रवाई की गई थी। हालांकि इसके पीछे का कारण यह भी है कि मरीज कम पैसे में अच्छे इलाज के लालच में कई गैर निबंधित अस्पतालों में अपना व अपने परिवारों का इलाज कराने चले जाते हैं। वहां अस्पताल बोर्ड पर जिन डॉक्टरों के नाम लिखा होता है वह उपलब्ध नहीं रहते हैं। कई अस्पतालों में तो कोई डॉक्टर ही नहीं है। मरीजों का इलाज कंपाउंडर व नर्स के भरोसे ही होता है। जिले में लगभग रेफर मरीज, गंभीर रोग के इलाज के लिए लोग मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचते हैं। हालांकि यहां भी एक गिरोह सक्रिय है जो मरीज को बरगलाकर और सरकारी अस्पताल में उचित इलाज न होने की बात कर अपने साथ अलग-अलग अस्पताल में ले जाते हैं। वैसे अस्पतालों में बिचौलियों का मरीज के अनुसार हिस्सा भी बंधा होता है।

### गैर कानूनी अस्पताल के संचालकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई



पलामू सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार सिंह ने बताया कि हम सभी को मिलकर ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसने के लिए प्रयास करना होगा। गैर कानूनी रूप से चलाए जा रहे अस्पताल के संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ऐसे निजी अस्पताल जो स्वास्थय मानकों पर खरा नहीं उतरते है वैसे जगह भी मरीज के परिजन कम पैसे में अच्छे इलाज होने की लालच में चले जाते हैं, जो बाद में कई घटनाओं के रूप में हमारे सामने आता है। जिला मुख्यालय के मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल व सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विभाग के तरफ से मुफ्त में अनेकों सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना जरूरी है, जिससे वह इसका लाभ उठा सकें।

# राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं सीएम : अभिषेक

- पलामू के युवा नेताओं ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर संविधान की प्रति भेंट की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला झामुमो के युवा नेता अभिषेक सिंह व युवा मोर्चा सचिव आशुतोष विनायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक व उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से शिष्टाचार भेंट कर संविधान की प्रति भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने झारखंड की न्याय, अधिकारों की लड़ाई में हेमंत सोरेन की भूमिका, झारखंड के विकास, जनहित के लिए अपनी निष्ठा व समर्पण दिखाने वाला योद्धा बताया। हेमंत के मार्गदर्शन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता जनता के आशीर्वाद के साथ एक बेहतर झारखंड निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की उपस्थिति एक प्रेरणा है। उनकी नेतृत्व क्षमता कार्यकर्ताओं को हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। वह हेमंत सोरेन को भारत का संविधान भेंट किया जो न्याय व अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। यह एक ऐसा दस्तावेज है जो अधिकारों, कर्तव्यों की याद दिलाता है। साथ ही प्रेरित करता है कि एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी की अनुपस्थिति में सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ संघर्ष में कल्पना सोरेन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनके अदम्य साहस व समर्पण ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं को प्रेरित किया है। मौके पर कल्पना सोरेन का आभार व्यक्त किया। साथ ही उनके साहस शक्ति की प्रशंसा की। हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में कल्पना सोरेन ने जिस साहस, दृढ़ता के साथ सांप्रदायिक शक्तियों का मुकाबला किया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। उनकी नेतृत्व क्षमता व संघर्षशीलता ने प्रेरित किया और यह सिखाया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ता के साथ खड़ा रहा जा सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी कार्यकर्ता मिलकर झारखंड के विकास, समृद्धि के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। लक्ष्य एक ऐसे झारखंड का निर्माण करना है जहां हर नागरिक को न्याय, अधिकार प्राप्त हो और सभी के लिए विकास के समान अवसर हों।


## इंडिया

# ढोंगी बाबाओं का उदय सरकारों की विफलता से हो रहा



सुनील बादल

देश में अभी हाथरस कांड की चर्चा है कि हजारों लोग चमत्कारिक हैंड पंपों का पानी पीने कथित संत भोले बाबा के आश्रम में जाते थे जिनके सत्संग में भगदड़ मचने से सौ से अधिक भक्त स्त्री-पुरुष और बच्चे मारे गए। ऐसे स्वघोषित संत या भगवान या चमत्कारिक पुरुष आजकल बहुत हैं जिनके काले कारनामे मीडिया में आते हैं। हमें समझ लेना चाहिए कि किसी भी धर्म, संप्रदाय के चमत्कारिक पुरुष या महिला ईश्वर नहीं बन सकते और यदि वे ऐसा दावा करते हैं प्रचार करवाते हैं तो हमें इसकी गहराई तक जाना चाहिए और स्वयं तथ्यों को समझना चाहिए न कि भेड़ चाल चलना चाहिए। हाथरस की घटना से एक बार फिर ढोंगी चमत्कारिक बाबा चर्चा में हैं पर इसके मूल में सरकारी स्वास्थ्य विभाग का नाकारा होना माना जाना चाहिए। यदि गांवों के भोले भाले लोग सरकारी अस्पतालों कि कुव्यवस्था से बीमारियों का इलाज न करा पाएं तो मजबूरी में इन बाबाओं के जाल में फंसेंगे ही जो किसी न किसी एजेंडे के तहत बाबा का स्वांग रचाते हैं। इन्हें कानून बनाकर इनकी बेलगाम गतिविधियों को नियंत्रित किया जाना चाहिए। झारखंड की बात करें तो तेरह धरतीपुत्र मुख्यमंत्री बने, झारखंड में डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 1999 (संशोधित 3 जुलाई 2001) लागू है पर झारखंड में 23 सालों में डायन के नाम पर 1050 हत्याएं हुई और नहीं रुका है महिलाओं पर अत्याचार। इसके मूल में भी वही कारण हैं जो बाबाओं की शरण में लोगों को जाने के लिए मजबूर करते हैं। सरकारी अस्पतालों में या तो चिकित्सक नहीं जाते या संसाधनों की कमी रहती है या चिकित्सक हाजरी बनाकर आसपास कहीं निजी प्रैक्टिस करते हैं। इनपर रोक के लिए सीसीटीवी और ऑनलाइन चिकित्सा परामर्श को अनिवार्य किया जाना चाहिए जैसा केंद्र सरकार के सीजीएचएस डिस्पेंसरी में हर जगह है ताकि भीड़ भी और डॉक्टर भी ऑनलाइन निगरानी के दायरे में आ सकें। डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 1999(संशोधित 3 जुलाई 2001) जिसकी ड्राफ्टिंग उप समिति में इन पंक्तियों का लेखक भी शामिल था,में यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना, जान-बूझकर देता है



या अन्यथा किसी पकार प्रताड़ित करता है, तो उसे छः माह तक की अवधि के लिए कारावास की सजा अथवा दो हजार रुपया तक के जुमार्ने अथवा दोनों सजाओं से दंडित किया जा सकता है। झारखंड के सरायकेला-खरसांवा जिले के बीरबांस गांव की रहने वाली छुटनी देवी, जिन्हें 2022 में भारत के राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री का सम्मान प्राप्त हुआ, उनकी पहचान एक ऐसी 'वीरांगना' के रूप में है, जिन्होंने 'डायन' की पहचान मिटाने के लिए खुद की लड़ाई तो लड़ी ही, पूरे झारखंड में 'डायन-भूतनी' कहकर प्रताड़ित की गयी तकरीबन 150 महिलाओं को नरक जैसी जिंदगी से बाहर निकाला। छुटनी देवी ने जिस तरह के जुल्म झेले, उसके बाद से झारखंड में डायन, भूत, ओझा-नाया, तंत्र-मंत्र, काला जादू के अंधविश्वास का अंधेरा कितना घटा है? इसका जवाब देते हुए खुद छुटनी देवी कहती हैं कि, डायन के नाम पर आज भी झारखंड के कई इलाकों में अत्याचार नहीं रुका है। इसकी वजह केवल अंधविश्वास नहीं है। ऐसी घटनाओं के पीछे आपसी रंजिश से लेकर संपत्ति हड़पने तक की साजिश हैं। ये घटनाएं भी बताती हैं कि झारखंड की जमीन में इस कुप्रथा की जड़ें कितनी गहरी धंसी हुई हैं। गुमला के रायडीह में बुजुर्ग दंपति की हत्या के पीछे लोगों को कै-दस्त होना था जिसके लिए एक ओझा ने इस दंपति की ओर इशारा किया था। राजधानी रांची से 50 किलोमीटर दूर सोनाहातू थाना क्षेत्र के राणाडीह गांव में एक साथ 3 महिलाओं को डायन करार देकर गांव के लोगों ने मौत के घाट उतार डाला गया। इस गांव में 2 दिनों में गांव के 2 युवकों को सांप ने डस लिया था और इसके लिए इन तीनों महिलाओं को कसूरवार ठहरा दिया गया। चौंकाने वाली बात ये कि डायन का आरोप लगाकर इन महिलाओं की हत्या करने वालों की भीड़ में एक महिला का अपना पुत्र भी था। झारखंड की उपराजधानी दुमका के अंतर्गत आने वाले सरैयाहाट प्रखंड के असवारी गांव के दबंगों ने एक परिवार की 3 महिलाओं सहित 4 लोगों को डायन-ओझा बताकर जबरन मल-मूत्र पिलाया और उन्हें लोहे की गर्म छड़ों से दागा गया था। प्रताड़ित लोग पूरी रात घंटों तक दर्द से तड़पते रहे, लेकिन वो ना तो पुलिस के पास जाने की हिम्मत जुटा पाये और ना किसी को इस बारे में बता पाए। डायन-बिसाही के नाम पर झारखंड में हर साल औसतन 35 हत्याएं हुई हैं। डायन प्रताड़ना के लगभग 30 से 40 प्रतिशत मामले तो पुलिस के पास पहुंच ही नहीं पाते। झारखंड को डायन कुप्रथा एवं उसकी ब्रांडिंग से मुक्त घोषित करने के लिए गरिमा परियोजना संचालित की जा रही थी। पर जनजागरूकता के अभाव में इसे अपेक्षित लोकप्रियता नहीं मिली।

# महेंद्र सिंह धोनी और साक्षी ने मनाई शादी की 15वीं वर्षगांठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और वर्ल्ड कप विनर टीम के कैप्टन रहे महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी ने गुरुवार को शादी की 15वीं वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर साक्षी ने धोनी संग केक काटने का एक वीडियो भी जारी किया। इसमें दोनों एक-दूसरे को केक खिलाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में धोनी परिवार का फेमस एक डॉगी भी है। सोशल मीडिया पर साक्षी ने इस वीडियो को शेयर करते कहा कि अब उन दोनों के जीवन का 15वां साल शुरू हो रहा है। इसके साथ साक्षी ने धोनी संग जुड़ी पुरानी यादों की तस्वीरें भी शेयर की हैं। दोनों की शादी की वर्षगांठ की खबर सामने आते ही उनके चहेते सोशल मीडिया के जरिए लगातार बधाइयां दे रहे हैं। साक्षी धोनी से सात साल छोटी हैं। बताया जाता है कि धोनी की साक्षी से पहली मुलाकात एक होटल में हुई थी, जहां वह इंटर्नशिप कर रही थी। इसके बाद दोनों की लंबे समय तक डेटिंग चली। वर्ष 2010 में देहरादून में दोनों शादी के बंधन में बंध गये। धोनी पर फिल्माई गयी एक फिल्म में इसे बखूबी दिखाया भी गया है। यह फिल्म सुपरहिट रही थी, जिसमें स्व. सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी का किरदार निभाया था। छह फरवरी, 2015 को साक्षी ने बेटी जीवा को जन्म दिया। फिलहाल दोनों की एक ही संतान है। रिटायरमेंट के बाद से धोनी परिजनों के साथ राजधानी रांची में रहते हैं।




## एक नजर

### राज्य स्तरीय निपुण समागम में भाग लेने 15 शिक्षक रवाना

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला की 15 सदस्यीय शिक्षकों की टीम प्रभात तारा मैदान धुर्वा रांची में होने वाले टी एल एम निपुण समागम 2024 में सम्मिलित होने के लिए रवाना हुई। इस बाबत राज्य साधन सेवी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर 5 जुलाई को झारखंड शिक्षा परियोजना एवम इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग के संयुक्त प्रयास से निपुण समागम 2024 का आयोजन किया गया है। इस समागम में राज्य के सभी 24 जिलों के शिक्षकों द्वारा टी एल एम मेला का प्रदर्शनी लगाया जाना है। इसी कड़ी में निपुण समागम में सम्मिलित होने के लिए पलामू के 15 शिक्षकझशिक्षिकाएं भी उक्त समागम में सम्मिलित होंगे।

### प्रर्याप्त बारिश नहीं होने से अभी तक किसान खेती करने से कर रहे परहेज

# मानसून के दस्तक के साथ किसानों के चेहरों पर खुशी



- छह दिनों में 10.22 एमएम ही हुई बारिश
- सबसे अधिक शनिवार को 56.6 एमएम बारिश रिकार्ड दर्ज किया गया

**6 दिनों की वर्षा की स्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| शनिवार | 056.6 | एमएम |
| रविवार | 33.0 | एमएम |
| सोमवार | 0.7 | एमएम |
| मंगलवार | 1.6 | एमएम |
| बुधवार | 0.1 | एमएम |
| गुरुवार | 0.2 | एमएम |

**कुंदन सिन्हा**

**मेदिनीनगर।** लंबे समय के बाद जिले में आखिर मानसून ने आर्द्रा में दस्तक दे ही दी है। पिछले 22 जून से आर्दा नक्षत्र चढ़ने के बाद जिले का मौसम खुशनुमा होने के साथ मानसून ने भी दस्तक दे दिया है। जिले में अभी तक सामान्य रूप से बारिश अब तक हुई है। 22 जून को सूर्य के आद्रा नक्षत्र में प्रवेश करने के साथ ही आर्द्रा शुरू हो गया था। लेकिन बारिश दो दिनों बाद जिले में शुरू हुई। हालांकि किसानों मनोकूल बारिश नहीं होने से किसान न तो खेती-बारी के कार्यों में तेजी दिखा रहें हैं और न घरों में आर्द्रा मनाया जा रहा था। गुरुवार की देर शाम बारिश की रिमझिम फुहार शुरू हुई तो किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पिछले चार दिनों पर अगर नजर दौड़ाई जाए तो मात्र 2.6 एमएम ही बारिश हुई है। यह बारिश खेते के लिहाज से उचित नहीं कहा जा सकता है। यही कारण है कि जिले के किसान अभी अपने खेतों में हल बैल लेकर खेती करने नहीं उतरे हैं। कृषि विभाग के माने तो जिले में मानसून का प्रवेश हो चुका है, लेकिन खेती की जितनी वर्षा की जरूरत है उतना नहीं हुआ है। फिर भी एक उम्मीद जरूरत है कि इस बार किसान उदास नहीं होंगे। कुछ न कुछ फसल अच्छा ही होगा।

### आर्द्रा में ही होती है खरीफ फसलों की बुआई

आर्द्रा नक्षत्र में ही खरीफ सीजन की फसलों भदई मकई, अरहर, ज्वार, बाजरा, उड़द, सोयाबीन व तिल आदि की बुआई होती है। धान की रोपनी इसी नक्षत्र में ही शुरू हो जाती है। इस साल मानसून के प्रयाप्त नहीं होने के कारण अब तक न तो धान की रोपनी शुरू हुई है, न खरीफ की अन्य फसलों की बुआई शुरू हो सकी है। किसानों का कहना है कि आर्द्रा का अर्थ ही नमी होता है। जो धरती पर जीवन के लिए बहुत जरूरी है। आर्द्रा नक्षत्र को तो जीवनदायी भी कहा जाता है। कृषि के कार्यों की शुरूआत इसी नक्षत्र में बड़े पैमाने पर होने से यह नक्षत्र किसानों के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

## न्यूज बॉक्स

### आरटीई के तहत 117 बच्चों का नामांकन प्रक्रिया शुरू

**मेदिनीनगर।** जिले में 2024-25 सत्र के लिये शिक्षा का अधिकार अधिनियम( आरटीई ) के तहत निजी स्कूलों में कुल 117 बच्चों का नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 117 बच्चों के नामांकन के लिए अलग-अलग निजी स्कूलों में सीट आरक्षित कर दी गयी है। नामांकन लेने के लिये जिले भर से 124 बच्चों का आवेदन प्राप्त हुआ था। जिले के अलग-अलग 4 प्रखंडों के 18 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत चयनित बच्चों को मुफ्त में शिक्षा प्रदान की जाएगी। बता दें कि जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने पलामू के गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मार्च माह में एक पोर्टल प्रारंभ किया था, जिसके माध्यम से सभी बच्चों के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये थे। सभी बच्चों को उनके घर के पता के नजदीक के ही स्कूल को टैग किया गया है।

#### आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के प्रति प्रशासन गंभीरः उपायुक्त

उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि जिले के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मुफ्त में बेहतर शिक्षा प्रदान करना राइट टू एजुकेशन का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों का नामांकन पारदर्शी तरीके से हो, इसके मद्देनजर सभी आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किया गया था। उन्होंने कहा कि चयनित बच्चों का नामांकन लेने के बाद भविष्य में उनके पढ़ाई में किसी तरह की कोई समस्या नहीं आएगी इसे लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है।

### 28 कर्मियों को मिला एसीपी, एमएसीपी का लाभ

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक में 28 कर्मियों को एसीपी, एमएसीपी का लाभ देने का निर्णय लिया गया। उनमें प्रधान सहायक, लिपिक, ग्राम सेविका व अनुसेवक शामिल हैं। एसीपी, एमएसीपी का लाभ वैसे कर्मियों को दिया जाता है जिनकी संतोषप्रद सेवा काल दस वर्ष पूरा हो चुका है। बैठक के दौरान जिन कर्मियों का संतोषप्रद सेवा दस वर्ष पूरा हो गया था, उन्हें प्रथम एसीपी, एमएसीपी का लाभ, जिनका सेवा 20 वर्ष उन्हें द्वितीय एसीपी, एमएसीपी, जिनकी सेवा 30 वर्ष पूरा हो चुका था, उन्हें तृतीय एसीपी, एमएसीपी का लाभ प्रदान किया गया हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सदर व छतरपुर के अनुमंडल पदाधिकारी,जिला कल्याण पदाधिकारी,स्थापना उप समाहर्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ने पीएचईडी का पुराना मोटर पंप कबाड़ा को देने पर चिंता जताई



**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने पेयजल स्वच्छता मंत्री को पत्र लिख कर मेदनीनगर नगर निगम के पंपूकल में विभाग द्वारा 12, 13 पुराना मोटर पंप को ट्रक के माध्यम से कबाड़ा को देने पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि कोयल नदी में पानी आ जाने के कारण फुटबॉल जमा होने कारण शहर में दो दिनों तक पानी की आपूर्ति बंद था। विभाग ने इस दौरान 12,13 पुराना मोटर पंप को खोल कर उसके स्थान पर नया मोटर पंप लगा दिया। गुरुवार को विभाग द्वारा खोले गए सभी पुराने मोटर को ट्रक के माध्यम से कबाड़ा को दे दिया गया। इससे सरकार को लाखों रूपया का नुकसान हो गया। नियमतः पुराने मोटर को विभाग में जमा करना होता है, जो विभाग ने नहीं किया। उन्होंने मंत्री व जिला प्रशासन से उक्त ट्रक को जब्त कर पूरे मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।

### करंट की चपेट में आने से दो भैंस की मौत



**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के पंचायत लक्ष्मीपुर अंतर्गत मांडर निवासी रामजी यादव और रामजन्म यादव के एक-एक भैंस करंट की चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई। रामजी यादव ने बताया कि भैंस की पालकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। एक मात्र सहारा था। भैंस चराने के क्रम में अचानक चपेट में आने से मौत हो गई है। जिससे बाल-बाल चरवाहा बच गया।

# उपायुक्त ने जिला कोषागार कार्यालय का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने ट्रेजरी कोड के प्रावधानों के तहत गुरुवार को जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉक पंजी, स्टंप पंजी, व्रजगृह, सुरक्षा गार्ड, स्ट्रांग रूम, चेस्ट रूम व अन्य कीमती सामानों एवं कागजातों का अवलोकन किया। साथ ही उसके पंजियों संग मिलान किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम का पुनः ऑडिट कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कोषागार भवन,फर्नीचर,अग्निशमन से संबंधित उपकरण,आईटी उपकरणों का ऑडिट कर अन अनुउपयोगी सामानों को नियमानुसार निष्पादन करने को लेकर कोषागार पदाधिकारी को निर्देश दिया। स्टोर रूम में अनावश्यक सामानों का सत्यापन कर हटाने की बात कही। साथ ही पूरे कार्यालय में साफ-सफाई पर विशेष रूप से ध्यान देने को लेकर कोषागार पदाधिकारी को निर्देश दिया। मौके परअपर समाहर्ता कुंदन कुमार उपस्थित थे।

### चंपाई सोरेन को पद से हटाना दुर्भाग्यपूर्ण : सतीश

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केंदीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एकबार फिर चन्द समय के लिए झारखंड में झूठ, लूट का खेल के लिये मुख्यमंत्री के पद पर इंडिया गठबंधन ने बैठा दिया। झारखंड आन्दोलनकारी मुख्य मंत्री चम्पाई सोरेन को पद से हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखण्ड राज्य लंबी लड़ाई का उपज है। हजारों आंदोलनकारियों ने अपनी प्राणों को देकर राज्य का निर्माण कराया। मगर आज झारखंडी जनता को अपनी पहचान ढूंढने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

# एक ही परिवार के चार लोग करंट की चपेट में आने से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटिका बंधन मैरिज हॉल के समीप रहने वाले सुशील चंद्रवंशी का पूरा परिवार गुरुवार को बिजली की चपेट में आ गया। बिजली की चपेट में आने से सुशील चंद्रवंशी की बड़ी बेटी इशा कुमारी, छोटी बेटी डॉली कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों बेटियों के बचाने के क्रम में स्वयं सुशील चंद्रवंशी भी बिजली की चपेट में आ गए। तीनों को एमएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सुशील चंद्रवंशी ड्यूटी से घर आए थे। ईशा घर का बर्तन साफ कर रही थी। बर्तन साफ करने के बाद वह बर्तन लेकर दरवाजे से अंदर आ रही थी। इस दौरान उसे बिजली का झटका लगने से वह बेहोश होने लगी। बेटी को बचाने के क्रम में वह भी बिजली की चपेट में आ कर वहीं गिर गए। उनके पीछे उनकी पत्नी, छोटी बेटी दौड़ी तो उन दोनों को भी हल्का बिजली का झटका लगा। घटना के संबंध में सुशील की पत्नी ने बताया जब तीनों नीचे गिरकर छटपटाने लगे तब उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें बिजली का झटका लगा है। इसके बाद वह सूझबूझ का परिचय देते हुए घर में रखे डंडे से लगातार तब तक प्रहार करते रही जब तक तार टूट कर अलग नहीं हो गया। उसके बाद सभी की जान बची।

# पांकी विधायक के टैंकर के दो ड्राईवरों पर चोरी का आरोप, गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता ने सगालिम स्थित संचालित मेसर्स एसके फ्यिूल पेट्रोल पंप के दो टैंकर ड्राईवर पर चोरी का मामला थाना में दर्ज कराया है। विधायक ने बताया कि उनके पेट्रोल पंप पर काफी दिनों से गुड्डू प्रजापति उर्फ जनकधारी प्रजापति व उसका भाई विजय प्रजापित टैंकर से पेट्रोल की चोरी कर रहे थे। इस संबंध में मैनेजर द्वारा बराबर उनको जानकारी दी जा रही थी। जांच के क्रम में पता चला कि दोनों भाई पेट्रोल पंप पर टैंकर पहुंचने से पहले ही रास्ते में तेल निकाल कर चोरी कर लेते थे। जांच में पता चलने पर बुधवार को पुलिस बुलाकर पहचान कर दोनों भाईयों को गिरफ्तार करवाया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों भाईयों ने मिल कर करोड़ो रूपए का चुना लगाया है। अभी तक 11 लाख 66 हजार रूपए का घपला का मामला सामने आया है। करीब करीब 2 लाख हर माह चोरी की बात सामने आ रही है। दोनों ने जिस थाली में खाया उस थाली में ही छेद कर दिया है। दोनों को वह 18 हजार रुपया महीना वेतन देते थे। यह साईबर अपराध के साथ भारतीय पेट्रोलियम अधिनियम का भी उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि दोनों भाईयों ने जो उनकों आर्थिक नुकसान पहुंचाया है उसकी भरपाई करना होगा।

### दोनों को साजिश के तहत फंसाया है : रवींद्र प्रजापति



अरोपी ड्राईवर की मां कमली देवी व पिता रवींद्र प्रजापति ने बताया कि उनका दोनों बेटा बेकसूर है। दोनों को साजिश के तहत विधायक डॉ. शशिभूषण ने मेहता ने फंसाया है। उनका बेटा तीन महीना पहले ही विधायक के यहां से काम छोड़ चुका था। उन्होंने बताया कि विधायक उनके घर आकर उन लोगों केसाथ अभद्र व्यवहार करते हुए बेटा को खोज रहे थे। घर पर मौजूद छोटा बेटा को उठाकर अपने साथ ले गए हैं। वह पुलिस से अपने बेटा के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं।

### विधायक की बेटी ने दर्ज करायी प्राथमिकी

विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता की बेटी डॉ. सिम्मी मेहता ने अपने पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल चोरी करने के संबंध में ओरमांझी थाना में गुड्डू प्रजापति उर्फ जनकधारी प्रजापति व उसका भाई विजय प्रजापति पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने कहा कि सगालिम स्थित एचपीसीएल आउट लेट मे. एसके फ्यूल टैंकर से रांची के उर्वशी ढ़ाबा के बगल में गेट के अंदर टैंकर के ऊपर का ढक्कन खोल कर मोटर से तेल की चोरी की जा रही थी। इसका साक्ष्य भी वीडियो के तौर पर मौजूद है।

### गरीब व्यक्ति को फंसाया जा रहा हैः बिट्टू सिंह



पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि विधायक शशिभूषण मेहता गरीब व्यक्ति को चोरी के आरोप में फंसा रहे हैं। दबाव की राजनीति वह नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि विधायक कानून को अपने हाथों में लेने का काम कर रहे हैं।

# मारवाड़ी युवा मंच ने चलाया गौ सेवा कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच के कार्यकताओं ने गुरुवार को गौ सेवा कार्यक्रम शुरू कर लोगों को गौ सेवा के प्रति जागरूक किया। मंच के गौ सेवा संयोजकअरुण शंघाई ने बताया कि मंच यह कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से चल रहा है। यह कार्यक्रम गौ सेवा के प्रति लोगों के अंदर जागरूक लाने के प्रयास के तहत किया जा रहा है। मंच के वरिष्ठ सदस्य राधे श्याम लाठ ने कहा कि जिस प्रकार हमारे रसोई की प्रथम रोटी गौ माता को समर्पित होती है,उसी प्रकार हमे अपने आय का कुछ हिस्सा गौ सेवा में सहयोग के रूप में अवश्य दान करना चाहिए। सचिव सज्जन संघई ने बताया कि प्रति माह न्यूनतम दो बार सभी सदस्य मिलकार इस तरह का गौ सेवा कार्यक्रम करते हैं। मौके पर विकास उदयपुर, रवि कामदार, गणेश शर्मा, निशांत सांवरिया, यश सर्राफ, सीए रोहित लाठ,सौरभ सर्राफ, दीपक निमाला, ज्ञानचंद भूत, श्याम पोद्दार, विमल उदयपुरी, गणेश शर्मा, अमित कामदार, सीए विकास पंसारी, विशाल सांवरिया, सुमित सांवरिया, अशोक हाजीपुरिया उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता

### कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

# खिलाड़ी खेल भावना से खेलेः अविनाश देव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के बंदुआ ग्राम में चंद्रशेखर आजाद क्लब द्वारा आयोजित कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद बैट चला कर किया। क्लब के अध्यक्ष अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। मौक पर अविनाश देव ने कहा कि आयोजन समिति को धन्यवाद देना चाहते है कि इतना बड़ी आयोजन कर ग्रामीण प्रतिभा को निकालने का काम किया है। भरोसा देता हूं कि हर संभव मदद के साथ साथ खड़ा रहेंगे। खिलाड़ियों से आग्रह होगा हमेशा खेल भावना से खेले। असली लोकतंत्र भाईचारा प्रेम खेल के मैदान में ही



दिखता है। कोई एक ही टीम विजय होगी किंतु आनंद सभी उठाएंगे। भावना से ऊपर होकर खेलें। मौके पर अध्यक्ष अभय वर्मा, सचिव ऋतिक पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

### असली प्रतिभा तो गांव से ही निकलती है : देव

अविनाश देव ने कहा कि क्रिकेट की दिवानगी खेत खलिहानों से होते हुए अंतर्राष्ट्रीय मैदानों तक पहुंच चुकी है। असली प्रतिभा तो गांव से ही निकलती है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धूमकेतु की तरह छा जाता है। सरकार व जन प्रतिनिधि। संबंधित अधिकारियों से कहना चाहेंगे की गांव को संसाधन संपन्न बनाएं ताकि राष्ट्रीय फलक तक रास्ता बच्चों को दिख सके। गांव मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा।

### झामुमो परिवारवाद की पार्टी यह साबित हो गया : अमित तिवारी

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस, राजद द्वारा एक वरिष्ठ आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री पद से हटाया जाना अत्यंत दुखद है। हेमंत सोरेन ने यह प्रमाणित कर दिया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में कोई लोकतांत्रिक परंपरा व मयार्दा जीवित नहीं है। यह विशुद्ध रूप से परिवारवाद व परिवार की पार्टी है। इसमें किसी भी प्रकार के लोकतंत्र पार्टी के अंदर और पार्टी के बाहर नहीं है। झारखंड के चुनावों में कुछ महीने ही बचे हैं, लेकिन सोरेन परिवार को सत्ता की ऐसी बेकरारी है कि वह इससे एक दिन भी दूर नहीं रह सकते हैं।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### बोलेरो के धक्के से बाइक सवार घायल, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भवनाथपुर पेट्रोल पंप के समीप बोलेरो के धक्के से मोटरसाइकिल सवार बनवारी राम घायल हो गया। वह भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव का रहनेवाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में बनवारी राम ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से भवनाथपुर बाजार से सामान खरीद कर घर लौट रहा था। इस दौरान पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात बोलेरो ने उसकी मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया।

### मेरौनी में वृद्ध दंपति का खपरैल घर ध्वस्त

**केतार।** केतार प्रखंड के लोहरगाडा.पंचायत के मेरौनी गांव निवासी बंशी ठाकुर का खपरैल घर का एक हिस्सा गीर गया है। जानकारी देते हुए बंशी ठाकुर ने बताया की वो बहुत गरीब है, मेरा संतान भी नहीं है,घर की मरम्मत कराने में असमर्थ हैं। दो दिनों से हुई रिमझिम बारिश से उनका घर का अगला हिस्सा गिर गया है। उन्होंने अंचलाधिकारी से मुवाबजे की मांग की है।

### छत से गिरकर महिला घायल, इलाजरत

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी रामलाल बिंद की पत्नी मीरा देवी ने गुरुवार को छत से गिरकर घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि मीरा देवी ने छत पर धूप में सूखने के लिए रखे गए कपड़े उतारने गई थी। इस दौरान भूलवश किनारे पर चली गई। बिना रेलिंग के छत होने के कारण वह नीचे गिरकर घायल हो गई। उसके शरीर के विभिन्न हिस्से में चोट लगी है।

### जिप सदस्य ने डीसी को सौंपा मांग पत्र

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने डीसी शेखर जमुआर को मांग पत्र सौंपकर जिले में कार्यरत सभी विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मियों का लंबित मानदेय भुगतान करने की मांग की है। श्रीमती शर्मा ने सौंपे गये मांग पत्र में कहा है कि जिले के सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों वाहन चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, अंचल अमीन, सफाई कर्मी इत्यादि सभी का लंबे समय से मानदेय लंबित है।

### अवैध जमीन में अबुआ आवास बनाए जाने को लेकर आवेदन

**कांडी।** अंचल अंतर्गत राणाडीह पंचायत क्षेत्र के ग्राम कुरकुटा में अब तरीके से दूसरे के जमीन में अबुआ आवास बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर ग्राम भंडारिया निवासी स्वर्गीय दरोगा सिंह के पुत्र राजेश्वर सिंह ने अंचल अधिकारी को आवेदन दिया है। उक्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि कुरकुटा में हमारा पुत्र आदर्श कुमार सिंह के नाम से खाता एक प्लॉट संख्या 160, 161, 162 में जमीन है इस जमीन में कुरकुटा गांव निवासी शहनाज बीबी पति हबीब अंसारी अबुआ आवास बनाने के लिए इंट, बालू गिराया है। और पूछने पर कहा कि हमारा जमीन है हम निर्माण करेंगे ही।

---

भारत सरकार के आकांक्षी जिला एवं प्रखंड स्तरीय अभियान का किया गया शुभारंभ

# आयोग के मांनदंडों के आधार पर डीसी ने की योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**




समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड को लेकर नीति आयोग के विभिन्न इंडिकेटरों पर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त ने नीति आयोग के 49 प्रमुख इंडिकेटर में मुख्य रूप से प्रमुख 06 सूचकांक यथा- गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल मिलना एवं पूरक पोषण प्राप्त होना, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण करना, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच कराना, सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण, स्वयं सहायता समूह को रिवाल्विंग फंड्स मुहैय्या कराना एवं स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसी सूचकांकों पर समीक्षा किया गया। उपरोक्त सूचकांकों में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में विशेष कार्य करने को लेकर बिंदुवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उक्त क्षेत्र में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपस्थित सिविल सर्जन डॉ० अशोक कुमार से स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, सेक्स रेश्यो, मालन्यूट्रिशन, एमटीसी सेंटर का संचालन समेत अन्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर विशेष फोकस कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। यह अभियान 04 जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक चलाया जाएगा, जिसमें उपरोक्त मुख्य 06 सूचकांकों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही गई। उपायुक्त द्वारा सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि वह नियमित रूप से अपने स्तर से इन सूचकांकों की पूर्णता हेतु मॉनिटरिंग का कार्य करेंगे, जिससे गढ़वा जिला इस क्षेत्र में पीछे नहीं रह सके एवं ससमय कार्यों को पूर्ण किया जा सके। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, विधायक प्रतिनिधि, जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, नीति आयोग के पदाधिकारी, खरछ्ढर के उद्भट सुशील दास, स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारीगण, आकांक्षी जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी/कर्मचारी व अन्य संबंधित उपस्थित थें।

---

विधायक ने चौरिया हाई स्कूल का किया उद्घाटन

## बच्चों को गांव में ही उच्च शिक्षा मिलेगी : भानू

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौरिया को अब उच्च विद्यालय का दर्ज मिल गया है। गुरुवार को विधायक भानुप्रताप शाही ने फीता काट कर उच्च विद्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर भानुप्रताप शाही ने कहा कि हमारा प्रयाश रहा है कि लोगो को शिक्षा सुलभ हो। कूपा पंचायत के ग्रामीण और छात्र-छात्राओं के द्वारा हमेशा हाई स्कूल की मांग किया जा रहा था। काफी संघर्ष के बाद विद्यालय को हाई स्कूल का दर्जा दिलाने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों मे पांच करोड़ की लागत से विद्यालय का भवन भी बनेगा। इसके पहले विद्यालय परिवार के द्वारा विधायक भानुप्रताप शाही व अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सांध्यकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि विनोद चौधरी, मुखिया प्रमोद राम, बीडीसी पूर्णिमा देवी, उपमुखिया सूर्यदेव चौधरी,डॉ रामनाथ मेहता,बैजू गुप्ता प्रभारी प्रधानध्यापक सुभाष कुमार ठाकुर बीआरपी राजेन्द्र गुप्ता शिक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा, संतोष कुमार मेहता,मनदीप साह,जीतू सिंह, सहीत कई लोग उपस्थित थे।



### इंटर कॉलेज में नामांकन प्रारंभ

**केतार।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को छाताकुड़ गांव स्थित उच्च विद्यालय को 10+2 का दर्जा मिलने पर नारियल फोड़कर और फिता काटकर नामांकन कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा की परती कुशवानी जैसे सूदूरवर्ती क्षेत्र में इंटर की पढ़ाई शुरू होने से इस क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई करने में सहुलियत होगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद,भगत दयानंद यादव, प्रमुख चंद्रावती,मुखिया मुनि देवी, दीनदयाल गुप्ता, सतेन्द्र ठाकुर, प्रधानाध्यापक राजीव कुमार, राजेश्वर ठाकुर, नागेन्द्र प्रजापति, गुडन पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### मध्य विद्यालय अरसली को हाई स्कूल का दर्जा

**भवनाथपुर।** राजकीय मध्य विद्यालय अरसली को हाई स्कूल का दर्जा मिलने पर गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उच्च विद्यालय में शैक्षणिक कार्य का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि मध्य विद्यालय को हाई स्कूल में तब्दील कराकर चार वर्षो पुरानी इस मांग को पूरा करने का काम किया। जमीन पूरी नही होने कारण यह मांग पूरी होने में विलंब हुआ। पहले यहां के बच्चे बच्चियों को हाई स्कूल में पढ़ने के लिए चार किमी दूर भवनाथपुर जाना पड़ता था।

## बीडीओ ने किया पीएम श्री विद्यालय लमारी कला का औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**




बीडीओ राकेश सहाय ने गुरुवार को प्रखंड का इकलौता पीएम श्री विद्यालय हाई स्कूल लमारी कला का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ ने स्कूल के हेडमास्टर निर्पेन्द्र कुमार सिंह से स्कूल की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया। हेडमास्टर ने बताया की सरकार द्वारा इस विद्यालय को पीएम श्री का दर्जा प्राप्त हुआ है। उसके बाद से विद्यालय परिसर को ग्रीन स्कूल, क्लीन स्कूल पर सबसे ज्यादे जोर है। इसके साथ ही हेडमास्टर ने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी बीडीओ को दिए। बीडीओ ने विद्यालय को हरसंभव मद्द करने की आश्वासन दिए। बीडीओ राकेश सहाय ने क्लास में जाकर बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में भी जानकारी प्राप्त किए। उन्होंने बच्चों को पढाई करने की कई टिप्स भी दिए। बीडीओ ने एमडीएम की भी जानकारी प्रप्त किए।

### सीआई पर म्यूटेशन के नाम पर ठगी का आरोप

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर अंचल में कार्यरत सीआई विभूति नारायण सिंह पर धुरकी अंचल के ग्रामीणों ने मोटेसन के नाम पर पैसा ठगी करने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त गढ़वा के नाम भवनाथपुर अंचलाधिकारी को प्रतिलिपि सौप कर करवाई की मांग किया है। ग्रामीण फयाज आलम, श्यामसुंदर भुईया, रफाकत हूसैन, सरफुदिन मियां, धर्मेंद्र पासवान ने बताया की विभूति नारायण सिंह 2021 में धुरकी अंचल में कार्यरत थे उसी दौरान लोगो ने अपने जमीन का मोटेसन करने एवं ऑनलाइन करने के लिए महुआ फल, गाय, बकरी बेच कर पैसा दिए थे पैसा देने के बाद भी काम नही किए और आज-कल टालमटोली करते हुए रहे। इसी दौरान सीआई विभूति नारायण सिंह का ट्रांसफर भवनाथपुर अंचल में हो गया। जब काम नही किए तो हमलोगों ने अपना पैसा मांगने पहुचे लेकिन सी आई विभूति नारायण सिंह के द्वारा बराबर टाल मटोल किया जा रहा था अब आज कल जब पैसे की मांग कर रहे हैं तो पेपर फाड् कर झूठा केस में फसाने की धमकी देते हैं।

---

## न्यूज | बॉक्स

### हुरका मेरौनी मुख्य पथ से गुजरना मुश्किल



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के हुरका गांव के मुख्य पथ से मेरौनी चौपाल तक 3.42 करोड़ रुपए की लागत से सड़क मरम्मती कार्य में संवेदक द्वारा लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार हुरका गांव में संवेदक द्वारा पुलिया का निर्माण कराया गया है। आवागमन बाधित न हो इसलिए संवेदक ने बगल में खाली पड़े रैयती भूमी से रास्ता निकाल दिया ताकि आवागमन बाधित न हो। लेकिन दो दिनों से झमाझम हो रही बारिश से उक्त खेत में पानी भर गया है। जिस कारण हुरका, गुरूड़ और मेरौनी जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। राहगीर और ग्रामीण में संवेदक प्रति रोष है। हालांकि पुलिया का ढ़लाई दो दिन पुर्व हो गया है लेकिन आवागमन शुरू करने में कम-से-कम दस दिन लगेगा।

### युवक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए युवा समाजसेवी पंकज सिंह



**केतार।** प्रखंड के ताली गांव के चांदनी चौक निवासी सड़क दुर्घटना में मृत अनुज गुप्ता का शव सदर अस्पताल गढ़वा से पोस्टमार्टम के पश्चात गुरुवार को गांव लाया गया। शव गांव पहुंचते ही परिजनों की रोने बिलखने की चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। शव का अंतिम संस्कार गांव के ही पंडा नदी तट पर किया गया। अंतिम संस्कार में युवा समाजसेवी पंकज कुमार सिंह शामिल हुए, उन्होंने शव को कंधा दिया। उन्होंने कहा की यह बहुत ही दुखद घटना है। उल्लेखनीय है की बुधवार की शाम चांदनी चौक के समीप बाईक दुर्घटना में नाबालिग अनुज की मौत हो गई थी।

### समाजसेवी डॉ. अनिश ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग



**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के युवा समाजसेवी डॉ अनिश गुप्ता ने ताली गांव निवासी मृतक नारायण सेठ के घर जाकर उनका श्राद्धकर्म करने के लिए परिजनों को सहयोग किया। उन्होंने 50 किलो आटा, एक टिन रिफाइन तेल, पतल, ग्लास सहित नगद राशि देकर सहयोग किया। इस अवसर पर डॉ अनिश ने कहा की गरीब असहाय परिवारों को सहयोग करना पुनित कार्य है, यह हमेशा जारी रहेगा। इस मौके पर पिंटू गुप्ता, अभिराज गुप्ता,अनुज गुप्ता, अभिराज गुप्ता,सरोज विश्वकर्मा, छोटू सोनी,उदय वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मुखिया के प्रयास से कांडी निवासी दिव्यांग हारून खान को ट्राई-साइकिल मिला



**कांडी।** कांडी पंचायत मुखिया विजय राम के अथक प्रयास से कांडी निवासी एक दिव्यांग को ट्राइसाइकिल मिल सका। बीडीओ राकेश सहाय व प्रखण्ड प्रमुख पिंकू पांडेय ने कांडी निवासी हारून खान पिता जमील खान को जो दोनों पैर से पूर्ण रूप से दिव्यांग है को ट्राइसाइकिल प्रदान किए। दिव्यांग हारून ने आज ही पंचायत मुखिया को एक आवेदन देकर ट्राइसाइकिल दिलवाने का गुहार लगाया था।मुखिया ने संज्ञान लेते हुए ब्लॉक से संपर्क कर ट्राइसाइकिल दिलवाने के काम किया।कुछ दिनों पूर्व हारून एक एक्सीडेंट होने के कारण दोनो पैर जख्मी हो गया था जो काम नहीं करता है जिसके चलते वह चलने फिरने में पूर्ण रूप से असमर्थ है। हारून बेड पर सोया रहता है। अब ट्राइसाइकिल मिलने से वह उसके सहारे आसपास आ जा सकता है।

---

## खाते में पैसे की बजाय सीधे साइकिल उपलब्ध करा रही झामुमो सरकार : राजकिशोर यादव

**नवीन मेल संवाददाता। रमकंडा**




शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की झामुमो सरकार बेहतर काम कर रही है। बच्चों की पढ़ाई के लिए छात्रवृति योजना के अलावे पंचायतों में पुस्तकालय भी खोला गया है।वहीं स्कूल आने जाने में होने वाली परेशानियों को देखते हुए सरकार ने बच्चों के खाते में पैसे भेजने की बजाय सीधे साइकिल उपलब्ध करा रही है। उक्त बातें झामुमो के प्रखंड बीसूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। गुरुवार को रमकंडा प्रखंड संसाधन केंद्र में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. यहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीसूत्री अध्यक्ष श्री यादव, उपाध्यक्ष श्रवण प्रसाद, प्रमुख सुरजी देवी, मुखिया रंजू पांडेय, बीडीसी नसीम इमाम ने संयुक्त रूप से स्तरोन्नत उच्च विद्यालय रमकंडा, मध्य विद्यालय कसमार व रकसी विद्यालयों के 38 छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया। संबोधित करते हुए बीसूत्री अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि रमकंडा प्रखंड के आठवीं पास 932 छात्रों को साइकिल उपलब्ध कराया जायेगा।लेकिन पहले फेज में 474 छात्रों के लिए साइकिल उपलब्ध कराया गया है। बताया कि दूसरे फेज में बचे हुये छात्रों के लिए साइकिल उपलब्ध जल्द ही कराया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान बीसूत्री उपाध्यक्ष श्रवण प्रसाद कमलापुरी ने भी शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में बच्चों को जानकारी दी।वही मुखिया रंजू पांडेय ने साइकिल मिलने से होने वाले फायदों के बारे में बताया। इस मौके पर प्रमुख पति नंदलाल राम, मुखिया पति रामचंद्र पांडेय, लेखापाल माणिक प्रसाद, झामुमो के मीडिया प्रभारी अली राजा साहेब, केंद्रीय समिति सदस्य इम्तियाज अहमद, उमेश यादव, प्रखंड नाजिर अरुणेश कुमार, अंचल सहायक प्रशांत सिंह, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी सुरेश राम, प्रधानाचार्य हर्ष ज्योति शुक्ला, कृष्णा राम, महेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**यूनिसेफ** और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है। यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। झारखंड की भी स्थिति इससे अलग नहीं है खास तौर पर उद्योग या खदानों के आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण सबसे कम चिंता का विषय है।

इन दिनों

# भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है दोगुना



प्रहलाद सबनानी



**पूरे** विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के सम्बंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत सम्भव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्ष में दोगुना हो जाए। आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपये के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपये भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है। अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे। वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401 योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है। भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा। पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपये की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार-चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने का कार्य अभी भी जारी है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस सबका यह परिणाम भी हुआ है कि देश में पिछले 10 वर्षों में गरीबी आधी रह गई है और इसे शून्य पर लाने के लिए कार्य जारी है। भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से सबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। नए नए रोड बने हैं, रेल्वे का विकास हुआ है (रेल्वे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है), पोर्ट का विकास हो रहा है, नए एयर पोर्ट का निर्माण हुआ है, परंतु अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष हैं। वर्ष 2015 ने भारत में मालगड़ियां औसतन लगभग 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती थीं। अब वह औसतन लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं और आगे आने वाले 5 वर्षों में यह और आगे बढ़कर औसतन लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने लगेगी। इससे सबसे बड़ा लाभ उद्योग जगत को हुआ है, क्योंकि अब उन्हें कच्चे माल का स्टॉक कम मात्रा में रखना पड़ता है और इससे अंततः उनके द्वारा निर्मित उत्पाद की लागत कम हुई है। पिछले कई वर्षों से विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी लगातार कम होती रही थे अथवा स्थिर हो गई थी। परंतु, अब यह स्थिति भी बदलती जा रही है और आने वाले 5 वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ने जा रही है।

।(ये लेखक के निजी विचार है।)

## आपकी बात



### धौति योगिक क्रिया अभ्यास से पाचनतंत्र में परिशुद्धता आती है : योगाचार्य महेशपाल

**धौति** एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है 'शुद्धिकरण' और यह मूल



योगाचार्य महेशपाल



शब्द धू से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'धोना।

योगाचार्य महेशपाल विस्तार से बताते है कि, धौति क्रिया षट्कर्मों में से एक है, जो हठ योग द्वारा वर्णित छह सफाई तकनीकें हैं। छह षट्कर्म नेति, धौति, बस्ती, नौली क्रिया, कपालभाति और त्राटक हैं। यह योगिक सफाई तकनीक पाचन और श्वसन स्वास्थ्य में सुधार करती है। धौति, षट्कर्म का एक प्रमुख विधि है। धौति ग्रास (भोजन नली) और पेट का शुद्धिकरण इस विधि को गज-कर्ण के नाम से भी जाना जाता है। गज हाथी को कहते हैं। जब हाथी को अपने पेट में उबकायी आती है, तब वह अपनी (ग्रसिका) ग्रीवा में सूंड अंदर तक डाल देता है और पेट के अंदर की वस्तुओं को बाहर निकाल फैंकता है। इस प्रकार यह विधि हमें प्रकृति से ही प्राप्त हुई है। यह विधि पेट में अति अम्लता होने या जब कुछ अपाच्य या बुरा खा लिया हो, तब मिचली से छुटकारा दिलाती है। यह विधि खाद्य प्रति-ऊर्जा (एलर्जी) और दमा भी दूर कर पाती है। इसे चार भागों में बांटा गया हैः अंतरा (आंतरिक) धौति, दंत (दांत) धौति, हृदय (हृदय या वक्ष क्षेत्र) धौति और मूल शोधन (मलाशय सफाई)। अंतरा धौति (आंतरिक शुद्धि) चार भागों में विभाजित हैः वातसार, वारिसार, अग्निसार, और बहिष्कृता वातसार धौति में पेट को फैलाने के लिए बार-बार हवा को निगलना शामिल है। फिर हवा को उल्टे आसन की सहायता से आंत के साथ बाहर निकाला जाता ह। घेरंडा संहिता में कहा गया है कि यह अभ्यास 'एक दिव्य शरीर को उत्पन्न करने' में सक्षम बनाता है,वारीसार धौति, एक प्रमुख सफाई ऑपरेशनर है इसमें गर्म नमकीन पानी पीकर आंत को साफ करना और तब तक आसनों का एक निश्चित क्रम करना शामिल है जब तक कि गुदा से पानी बह न जाए। इस अभ्यास के बाद नमक के बिना पकाया गया एक विशिष्ट भोजन और फिर एक सप्ताह तक एक विशिष्ट आहार पर रहना होता है। अग्निसार धौति, जिसे वह्निसुर धौति भी कहा जाता है, में पेट की मांसपेशियों का उपयोग करके पेट को हिलाकर गर्मी पैदा की जाती है, अग्नि संस्कृत में 'आग' के लिए है। इसे वज्रासन में घुटने टेककर और बार-बार हांफते हुए, सांस के साथ पेट को अंदर और बाहर हिलाते हुए किया जाता है,बहिष्कृत धौती, एक बहुत कठिन अभ्यास जिसमें कमर तक पानी में खड़े होकर, मलाशय को बाहर निकालकर उसे धोना शामिल है,दन्त धौति, दंत शुद्धि, को दन्त मूल, जिह्वा मूल, कपालभाती और कर्ण धौति में विभाजित किया गया है। चक्षु धौति मैं आँखों को स्वस्थ रखने के लिए आँखों का स्नान, कभी-कभी शामिल किया जाता है। दंत और जिह्वा मूला क्रमशः दांतों और जीभ की सफाई है। भारत में नीम की छड़ी पारंपरिक है, इसे टूथब्रश के रूप मैं इस्तेमाल किया जा सकता है।

बढ़ती आबादी

# गांव से पलायन एवं बढ़ते शहरीकरण के खतरे



ललित गर्ग

**भारत** में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडम्बनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुर्बानी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधना से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी। कुछ समय पूर्व स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है? बेहतर रोजगार, आधुनिक जनसुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य की लालसा में अपने पुश्तैनी घर-बार छोड़कर शहर की चकाचौंध की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति का परिणाम है कि देश में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या लगभग 350 हो गई है जबकि 1971 में ऐसे शहर मात्र 151 थे।

> कुछ समय पूर्व स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार है।

## फेसबुक वॉल से

**Arjun Munda**
1 h

भारत की आज़ादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देनेवाले महान आदिवासी वीर क्रांतिकारी शहीदों में से एक अल्लूरी सीताराम राजू जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन। उनका बलिदान और साहस पीढ़ी दर पीढ़ी प्रेरणा और प्रोत्साहन का स्रोत बना रहेगा।



142 · 27 comments 4 shares
Like · Comment · Send · Share

**Dharmdeo Singh Yadav**
कोटि कोटि नमन
Like Reply

## X - से

sacchi.baatein




4,200 · 33
View all comments
Add a comment...
9 hours ago

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# आमदनी लुढ़की और बचत घटी



कमलेश पांडे

**बता** दें कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की सकल बचत दर में सकल शुद्ध प्रयोज्य आय 29.7 प्रतिशत थी। जिसमें परिवार के प्राथमिक बचतकर्ता की हिस्सेदारी 60.9 प्रतिशत रही है, जबकि वर्ष 2013-22 के बीच का औसत 63.9 प्रतिशत रहा। केंद्र में सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकाल के मुकाबले तीसरी बार के कार्यकाल के लिए उनकी पार्टी भाजपा को जनादेश कम मिलने का रहस्य उनकी आर्थिक नीतियों में भी छिपा है, जो यह चुगली कर रहा है कि इनके पिछले 10 वर्ष के शासनकाल में भारत के लोगों की शुद्ध बचत में गिरावट आई है, जबकि खर्च में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ, बल्कि उनकी सरकार के मातहत काम करने वाले भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट-2024 बोल रही है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले एक दशक यानी मोदी युग में न केवल लोगों की शुद्ध बचत घटी है, बल्कि इसी बीच आई वैश्विक कोरोना महामारी के चलते भी लोगों के बचत करने के व्यवहार में आमूल चूल बदलाव आया है। यदि मोदी सरकार इसे समय रहते ही समझ गई होती तो उसे गठबंधन की बैशाखी पर चलने की जरूरत ही नहीं पड़ती और न ही 400 पार का सपना टूटता। अब बात करते हैं आरबीआई की इस रिपोर्ट की, जिसके मुताबिक, देशवासियों के बीच बचत कम होने के दो मुख्य कारण हैं- पहला यह कि अब लोग सोना-चांदी, जमीन-घर और म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। और दूसरा यह कि, लोगों का घरेलू खर्च यानी शिक्षा, स्वास्थ्य, आम उपभोग आदि बढ़ा है, जिसकी वजह से शुद्ध वित्तीय बचत में भारी कमी दिखाई पड़ी है। बता दें कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की सकल बचत दर में सकल शुद्ध प्रयोज्य आय 29.7 प्रतिशत थी। जिसमें परिवार के प्राथमिक बचतकर्ता की हिस्सेदारी 60.9 प्रतिशत रही है, जबकि वर्ष 2013-22 के बीच का औसत 63.9 प्रतिशत रहा। इसी तरह से लोगों के पास शुद्ध वित्तीय बचत में भी 11.3 प्रतिशत की गिरावट आई है जो 2022-23 में गिरकर 28.9 प्रतिशत रह गई है, जबकि 10 वर्षों का औसत 39.8 प्रतिशत रहा है। देश के जीडीपी में वित्तीय बचत की हिस्सेदारी हुई कम वहीं, आमलोगों के खर्चों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते शुद्ध रूप से वित्तीय बचत में गिरावट आई है। यदि मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल के औसत के हिसाब से भी देखा जाए तो जीडीपी में शुद्ध बचत की हिस्सेदारी 2.7 फीसदी कम हो गई है। कहने का मतलब यह कि एक दशक पहले के आठ प्रतिशत से घटकर यह 2022-23 में 5.3 फीसदी पर आ गई है,जो चिंता की बात है। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भले ही घरेलू बचत में बढ़ोतरी देखने को मिली थी, लेकिन वह ज्यादा स्थाई नहीं रह पाई। आंकड़े बताते हैं कि इस दौरान कुल घरेलू बचत 51.7 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, परंतु उसके बाद जैसे ही लॉकडाउन खुला तो लोगों ने अपनी बचत को सम्पत्तियों के खरीदने पर खर्च करना शुरू कर दिया।

(ये लेखक के निजी विचार है।)



बोधि वृक्ष

## 400 साल पुराना है रानी सती का यह मंदिर

**रानी** सती जी को समर्पित झुंझुनू का ये मंदिर 400 साल पुराना है। यह मंदिर सम्मान, ममता और स्त्री शक्ति का प्रतीक है। देश भर से भक्त रानी सती मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। भक्त यहां विशेष प्रार्थना करने के साथ ही भाद्रपद माह की अमावस्या पर आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठान में भी हिस्सा लेते हैं। रानी सती मंदिर के परिसर में कई और मंदिर हैं, जो शिवजी, गणेशजी, माता सीता और रामजी के परम भक्त हनुमान को समर्पित हैं। मंदिर परिसर में षोडश माता का सुंदर मंदिर है, जिसमें 16 देवियों की मूर्तियां लगी हैं। परिसर में सुंदर लक्ष्मीनारायण मंदिर भी बना है। राजस्थान के मारवाड़ी लोगों का दृढ़ विश्वास है कि रानी सतीजी, स्त्री शक्ति की प्रतीक और मां दुर्गा का अवतार थीं। उन्होंने अपने पति के हत्यारे को मार कर बदला लिया और फिर अपनी सती होने की इच्छा पूरी की। रानी सती मंदिर भारत के सबसे अमीर मंदिरों में से एक है। वैसे अब मंदिर का प्रबंधन सती प्रथा का विरोध करता है। मंदिर के गर्भ गृह के बाहर बड़े अक्षरों में लिखा है- हम सती प्रथा का विरोध करते हैं।



(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### Google Photos : अब वीडियो को बनाएं 'सिनेमैटिक', नया फीचर हुआ लॉन्च



**उपयोगकर्ताओं के लिए लाभ**

इस फीचर का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह प्रोफेशनल वीडियो एडिटिंग की जटिलताओं को कम करेगा और उपयोगकर्ताओं को एक सरल और सहज अनुभव प्रदान करेगा। आइए, जानते हैं कि इस फीचर का उपयोग करने से आपको क्या लाभ हो सकते हैंः

1. **प्रोफेशनल क्वालिटीः** इस फीचर के माध्यम से, आपको बिना किसी एडिटिंग स्किल के अपने वीडियो को प्रोफेशनल क्वालिटी में बदलने का मौका मिलेगा।
2. **समय की बचतः** वीडियो एडिटिंग एक समय-साध्य प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इस फीचर का उपयोग करने से आप अपने वीडियो को तेजी से और आसानी से संपादित कर सकते हैं।
3. **उपयोग में आसानः** यह फीचर उपयोगकर्ताओं के लिए बेहद आसान है। आपको केवल कुछ क्लिक करने होंगे और आपका वीडियो सिनेमैटिक बन जाएगा।
4. **ऑटोमैटिक अपडेट्सः** Google Photos समय-समय पर इस फीचर को अपडेट करता रहेगा, जिससे उपयोगकर्ताओं को हमेशा नवीनतम तकनीक और इफेक्ट्स मिलते रहेंगे।

Google Photos का यह नया सिनेमैटिक फीचर वास्तव में एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। यह फीचर न केवल वीडियो को प्रोफेशनल लुक देने में मदद करेगा, बल्कि उपयोगकर्ताओं को एक आसान और सहज अनुभव भी प्रदान करेगा।

(क्रमशः)


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### मतदाता पुनिरीक्षण समय से पूरा करें बीएलओ : बीडीओ

**भंडरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने गुरुवार को विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नम्बर 84 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मतदाता केंद्र पर बीएलओ मुनि देवी द्वारा मतदाताओं को आधार कार्ड से जोड़े जाने की जानकारी ली। उन्होंने अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में बीएलओ द्वारा किए जा रहे तैयारियों की समीक्षा की। बीडीओ ने पंद्रह जुलाई तक शत-प्रतिशत मतदाताओं को आधार कार्ड से जोड़ने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में मतदाता सुरेश तांती, गौरी देवी, मुनिया देवी, प्रसाद साहू, बुदु उरांव एवं अन्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में सत्यापित किए, साथ ही बीएलओ मुनि देवी को छूटे मतदाताओं का नाम जोड़ने मतदाता सूची में ब्लैक एंड वाइट फोटो का रंगीन फोटो से प्रतिस्थापन करने एवं मृत मतदाताओं को सूची से विलोपित करने हेतु नियमानुसार प्रपत्र भरने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ ने कार्य में कोताही बरते जाने पर संबंधित बूथ के बीएलओ पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

### डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान, 18 बॉक्साइट ट्रकों की जांच

**लोहरदगा।** पठारी इलाकों में खनिजों के ढुलाई में लगे व्यावसायिक वाहनों ट्रैफिक नियमों का अनुपालन करने एवं परिवहन कागजातों को दुरुस्त करने को लेकर गुरुवार को जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार ने पाखर माइंस क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान डीटीओ संजय कुमार ने बॉक्साइट ढुलाई में लगे लगभग 18 बॉक्साइट ट्रकों की जांच किया। वाहन और कागजातों की जांच कर तृतीय को चिन्हित किया गया। मौके पर ट्रक चालक सह चालकों से डीटीओ संजय कुमार ने कहा कि ट्रक मालिक और चालक प्राथमिकता पर अपने वाहनों का जरूरी दस्तावेज दुरुस्त करना सुनिश्चित करें।

### नाबालिग बच्चों को बाइक चलाने नहीं दें अभिभावक : संजय बर्मन

**लोहरदगा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्मन ने जिले के नागरिकों और अभिभावकों से अपील किया है कि वे अपने-अपने नाबालिग बच्चों, किशोर किशोरियों के हठ व जिद्द के आगे हरगिज नहीं झुके। उन्हें महंगी बाइक, स्कूटी हरगिज खरीद कर ना दें, नहीं उन्हें चलाने दें। कहा, दुर्घटनाएं कभी बोलकर नहीं आती हैं। मानव जीवन अनमोल है। युवाओं की मौत से पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। इसे संवेदनशीलता से समझनी होगी। कहा कि, सड़क हादसों को रोकने में प्रशासनिक प्रयास के साथ सामाजिक और पारिवारिक प्रयास भी नितांत आवश्यक है।

### एक दिवसीय भर्ती मेला का आयोजन

**लोहरदगा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय भर्ती मेला का आयोजन जिला नियोजन लोहरदगा के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह लोहरदगा, यंग प्रोफेशनल श्रम मंत्रालय प्रवीर कुमार गोप तथा मोहम्मद जोहर आदि उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से 06 कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए कार्यक्रम में कुल 83 प्रतिभागी ने पंजीकरण करवाया जिसमें से 44 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया एवं 32 लोगो को अंतिम रूप से चयन किया गया।

### मुखिया परमेश्वर महली ने पंचायत में किया पौधरोपण

**भंडरा।** प्रखंड के उदरंगी पंचायत में विभिन्न स्थलों पर गुरुवार को मुखिया परमेश्वर महली ने पौधारोपण किया। पौधारोपण शुरूआत पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने 11 पौधे लगाकर किया। पंचायत मुखिया ने कहा कि पौधा की सुरक्षा ही हमारे जीवन की सुरक्षा चक्र है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सार्वजनिक स्थल से लेकर निजी स्थल तक हरे पौधों को लगाकर उनको उनकी जिम्मेदारी पूर्वक देखभाल करना होगा।

# मरियम टोली शंख नदी पुल का पिलर पिछले 6 से 7 वर्षों से दबा, विभाग मौन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रायडीह।** मरियम टोली शंख नदी पुल का पिलर पिछले 6 से 7 वर्षो से दबा हुआ है। जिसमे जान हथेली मे रख कर लोग सफर कर रहे है। लेकिन विभाग एव झारखंड सरकार चैन कि नींद सो रही है।अ ौर जागेगी तब जब जब उस पुल पर कोई बड़ी घटना होगी। जब तक कोई बड़ी घटना ना हो सरकार जागने वाली नहीं है। जब कि उस पुल को पार कर लोग जारी प्रखंड तक सफर करते है। जब पुल ठीक था तब उस सड़क पर बसें भी दौड़ा करती थी। लेकिन उक्त पुल का पिलर निचे धसने के बाद बसे चलनी बंद हक गई। लेकिन छोटी गाड़िया जान हथेली मे लेकर अभी भी चल रही है इतना ही नहीं उस पुल के पार केमटे, सरना टोली, नवाटोली, केमटे लूंगा, अम्बाटोली, केराटोली, लाटू, तेतर टोली, कितम, सकतार, के रास्ते जारी तक के लोग सफर करते है।




### जनता मजबूरी में धंसे पुल से नदी पार होने को विवश

केमटे पंचायत के मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक ने कहा कि मरियम टोली शंख नदी पुल इस क्षेत्र के लिए बहुत हो जरुरी है क्षेत्र के लोगो के मांग पर इस पुल का निर्माण हुआ था। लेकिन पिछले 6 से 7 सालो से इस पुल का पिलर निचे धस गया है ग्रामीणों के द्वारा कितना बार उक्त पुल के बदले नये पुल या फिर उसी पुल कि मरम्मत कराने कि मांग विभाग एव झारखण्ड सरकार से कि गई है जबकि सरकार के द्वारा अभी तक कुछ भी नहीं कराया गया है जिसमे क्षेत्र कि जनता मजबूरी में धंसे पुल से नदी पार होने को विवश है।

# लोहरदगा में नहीं थम रहा रफ्तार का कहर, 6 महीने में हुई 39 मौत

■ परिवहन विभाग ने कहा, नाबालिक चालक पकड़े गए तो होगी कठोर कार्रवाई

▸ *वर्ष 2024 में जनवरी से अब तक 44 भीषण सड़क हादसा हो चुका है*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। लोग सड़क हादसों का आये दिन शिकार हो रहे हैं बावजूद लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। तेज रफ्तार के कहर का शिकार वैसे लोग ज्यादातर हो रहे हैं जिनकी उम्र महज 16 से 25 साल के भीतर ही है। उनमें अधिकांश नाबालिग लड़के रहते हैं जो वाहनों को तेजी से चलाते हैं और दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के मैट्रिक और इंटर के युवक युवतियां सड़कों पर दोपहिया, चारपहिया वाहनों को रफ्तार दे रहे हैं। जिससे सड़क दुर्घटना होना आम बात है। बिना लाइसेंस के ट्रक और ट्रैक्टर रफ्तार पकड़ी है। स्वाभाविक है परिणाम गंभीर होंगे। हर दिन कही न कही सड़क हादसे का शिकार एक युवा होता है। इस दुर्घटना में कई लोगों की जान चली जा रही है। फिर भी लोग दुर्घटना से सबक नहीं ले रहे हैं। अगर हम पिछले छह महीने के आंकड़ो पर नजर डाले तो पता चलता है कि वर्ष 2024 में जनवरी से अब तक 44 भीषण सड़क हादसा हो चुका है। जिसमे 39 व्यक्तियों ने अपनी जान गवाया है जबकि, 38 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। वही वर्ष 2023 में कुल 108 सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें, 73 व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 78 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वही कई लोग शारीरिक रूप से अपाहिज हो गए हैं। वही रातभर बालू लदे ट्रैक्टर की रफ्तार सड़क हादसों को सीधा आमंत्रित कर रहा है। रिहाईशी इलाकों के बाजार वाली सड़कों पर ड्रंक एंड ड्राइव, रफ ड्राविंग एवं ट्रैफिक नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने की बात आम है। इधर शासन प्रशासन ने सड़क हादसों में कमी लाने को लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिसके तहत परिवहन विभाग की धारा 199 के तहत सड़क पर नाबालिक किशोर किशोरियों को वाहन चलाते पकड़े जाने पर 25000 का जुर्माना और तीन माह का कारावास की सजा होगी। बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर 5000 का जुर्माना लगेगा। ब्रेथ एनालाइजर का प्रयोग किया जाएगा। इसमें पकड़े जाने पर वाहन चालक को 10000 का फाइन और तीन माह का कारावास होगा।

बता दें कि परिवहन नियमों का कड़ाई अनुपालन कर सड़क हादसों में कमी करने को लेकर पिछले दिनों उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अगुवाई में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक की गई थी। इस दौरान डीटीओ संजय कुमार एवं सड़क सुरक्षा समिति प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी ने सड़क हादसों को रोकने के लिए तैयार विभागीय प्रस्ताव को प्रस्तुत किया। इसके तहत चालू जुलाई महीने से परिवहन विभाग पूरे लोहरदगा जिले में सघन और कारगर अभियान चलाएगा।




### हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा : ट्रक ऑनर एसोसिएशन

**लोहरदगा।** ट्रक ऑनर एसोसिएशन के द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में दसवें दिन भी सभी ट्रक मालिक हड़ताल पर रहे। पिछले 10 दिनों से लगभग 1500 ट्रकों के पहिए थम गए हैं। ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं ट्रक मालिकों की मांग है कि हिंडाल्को बड़ी गाड़ियों का परिचालन ना करें और 6 चक्का ट्रक से ही परिवहन कार्य कराया जाए और दूसरे मुद्दे में समझौते के मुताबिक ट्रक मालिकों को ट्रिप दिया जाए। संयुक्त बैठक करते हुए बक्शी डीपा मे अस्थाई कार्यालय में निर्णय लिया गया कि अब आंदोलन को और तेज किया जाएगा जिसके तहत मशाल जुलूस, पुतला दहन, धरना एवं घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सचिव मुद्रिका यादव, धर्मेंद्र कुमार, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला के अध्यक्ष विनय राम बिन्नू उपाध्यक्ष विनोद सिंह अभय सिंह बरज सिंह रहमत अंसारी पंकज सिंह साजिद खान मोहम्मद बबलू इनामुल अंसारी मोहम्मद गुड्डू खान, समसुल अंसारी, खुर्शीद अंसारी शोएब अख्तर, जगमोहन साहू, दीपक साहू सहित सैकड़ो ऑनर उपस्थित थे।

# बजरंग दल ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बजरंग दल के द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन बरवाटोली चौक में किया गया। इस दौरान राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से बोलते हैं कि हिंदू हिंसक है। क्या कभी हिंदू को हिंसक होते देखा है। कभी पार्लियामेंट में बम फेंकते देखा है। कभी 80 टुकड़ा करके हमारी बहनों को फ्रिज में फेंकते हुए देखा है। आज आप सांसद में खड़ा होकर बोलते हैं कि हिंदू हिंसक है यह आपको शोभा नहीं देता। आप जनता के चुने हुए एक नेता है और इस तरह का अशोभनीय बात आप में शोभा नहीं देता। इसलिए आप पूरे हिंदू समाज से कान पड़कर माफी मांगे। अन्यथा हिंदू समाज अगर आप से नाराज हो गए तो आपको देश से बाहर इटली भेज दिया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सतीश पांडे ने कहा कि आज राहुल सत्ता के नशे में इतने मतवाले हो गए हैं कि क्या बोल रहे हैं क्या नहीं बोल रहे हैं उसको कुछ मालूम ही नहीं। सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह ने कहा कि राहुल गांधी फिरोज खान का पोता और सोनिया गांधी का बेटा की पता ही नहीं चल रहा है कि कौन सा दाना का कौन सा काम कर रहा है। कभी बच्चों का हरकत करता है और कभी बड़ों जैसा हरकत करता है। इसलिए वह कभी हिंदुस्तान का भला सोच ही नहीं सकता। राहुल गांधी सबसे पहले अपने जाति का पता कर ले कि वह है कौन उसके बाद संसद में इस तरह का बयान दे। हिंदू के प्रति अन्यथा कभी भी हिंदू उनको देश से बाहर कर सकती है। जिला संपर्क प्रमुख चंदन गोयल ने कहा कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं हिंदू हैं हम हिंदू हैं। मौके पर प्रांतीय पदाधिकारी लाल ओंकारनाथ सहदेव, महेंद्र महतो, शशि सिंह, चंदन गोप, इत्यादि राम भक्त मौजूद थे।



*हेमंत सोरेन के सीएम बनने की खुशी में झामुमो ने जमकर आतिशबाजी की व मिठाइयां बांटी*

### देश हित के लिए कार्य करती है बजरंग दल : सचिन कुमार

**लोहरदगा।** बजरंग दल के सदस्य ने एक यूनिट रक्तदान कर मरीज के इलाज में मदद की। जानकारी के अनुसार प्रेममनी देवी को ब्लड की आवश्यकता थी उन्होंने बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू से संपर्क किया। बजरंग दल ने लवकेश साहू से संपर्क किया और लवकेश साहू ने प्रेममनी देवी को एक यूनिट ब्लड दिया। मौके पर सचिन साहू ने कहा कि बजरंग दल की स्थापना 1984 ई० को हुई। और बजरंग दल 40 वर्षों से देश में सेवा का कार्य करती आ रही है। लोगों की सोच में एक विश्वास रहता है कि हमारे देश में बजरंग दल जैसा हिंदू संगठन है जो विकट परिस्थिति में बजरंग दल हम सब का साथ देगी। बजरंग दल का उद्देश्य सेवा, सुरक्षा, संस्कार,धर्म रक्षा, पर्यावरण रक्षा, इत्यादि जैसे देशभर में अनेकों कार्य करते आ रही है। जैसे पता चला कि प्रेममनी देवी को ब्लड की आवश्यकता है तुरंत हमारे बीच बजरंग दल के सदस्य लोकेश साहू ने उनको एक यूनिट ब्लड दे कर मानवता का परिचय दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### डुमरी प्रखंड स्थित करनी पंचायत भवन में 'संपूर्णता अभियान'की गई शुरूआत



**डुमरी।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के डुमरी प्रखंड स्थित करनी पंचायत भवन में गुरुवार को 'संपूर्णता अभियान' की शुरूआत की गई। यह अभियान केंद्र सरकार ने देश के अत्यंत पिछड़े जिलों व प्रखंडों में सेवा वितरण व शासन स्तर में सुधार के उद्देश्य से प्रारंभ कर रही है। ऐसे चिन्हित इलाकों में विकास संबंधी निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नीति आयोग द्वारा 06 संकेतकों का निर्धारण करते हुए विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम के उपरान्त मीडिया से बात करते हुए जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि जिले के डुमरी प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड के रुप में चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि करनी पंचायत भवन में 'संपूर्णता अभियान' की शुरूआत करने के पीछे यही मकसद है कि सरकार की जो योजना है वो सिर्फ कागजों में लक्ष्य की प्राप्ति न हो, बल्कि प्रभावी ढंग से हमारे नागरिकों को इसका फायदा मिल सके।

### उपायुक्त की अगुवाई में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन, एमटीसी केंद्रों की स्थिति, टीबी व कुष्ठ रोगियों की जांच व वर्तमान स्थिति, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर आदि बिंदुओं की विस्तृत रिपोर्ट पर चर्चा की गई और आवश्यक निदेश सिविल सर्जन, लोहरदगा को दिये गये। घर-घर उच्च रक्तचाप और मधुमेह के रोगियों की पहचान के लिए अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया। आयुष्मान भारत अंतर्गत प्राप्त आवंटन व उसके व्यय और शेष के स्थिति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गई। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सदर अस्पताल को प्राप्त फण्ड और उसके व्यय व शेष के स्थिति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गई और शेष राशि के उपयोग हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने का निदेश दिया गया। सिविल सर्जन को प्रत्येक माह पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु कार्ययोजना बनाने और उसका अनुपालन किये जाने का निदेश दिया गया।बैठक में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक व अन्य उपस्थित थे।

### मनरेगा लोकपाल ने पदाधिकारी व मुखिया के साथ योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घागरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में मनरेगा लोकपाल सहबाज शेख ने पदाधिकारी पंचायत कर्मी और मुखिया के साथ मनरेगा योजनाओं का समीक्षा बैठक किया। बैठक में नए और पुराने योजनाओं का अभिलेख संधारण करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा अधिनियम के तहत योजनाओं को करने, प्रशासनिक स्वीकृति से पहले योजनाओं की सूची का व्यय का रिपोर्ट देने, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधारोपण 8 तारीख तक लक्ष्य के अनुरूप चालू करने व बिरसा सिंचाई कूप निर्माण जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया।योजना के कार्यों को देखते हुआ कनीय अभियंता को को देखते हुए एमबी बनाने का निर्देश दिया।पंचायत सचिवालय खुला रहे और मनरेगा दिवस के मनाया जाए। पंचायत सचिवालय नहीं खुलने की शिकायत आने पर कार्रवाई होगी। सामग्री कूप निर्माण में आपूर्ति नहीं होने की शिकायत मिली जिस पर भेंडर को जल्द से जल्द सामग्री आपूर्ति कराने का निर्देश दिया गया। ताकि कूप न धसे ।साथ ही वृक्षारोपण 2024 25 का लक्ष्य 500 एकड़ घाघरा प्रखंड में रखी गई है। सभी कोई टीम वर्क के साथ कार्य को पूरा कराए। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी, मुखिया विनीता कुमारी,अग्नि उरांव,लोदो एक्का, कन्या अभियंता सतीश कुमार सहित कई पंचायत सेवक रोजगार सेवक मुखिया वह अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### गुमला जिला मुख्यालय में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया



**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय में गुरुवार को प्रशासक, नगर परिषद गुमला के नेतृत्व में उड़न दस्ता दल के द्वारा गुमला नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम जशपुर रोड के किनारे सब्जी विक्रेताओं के द्वारा अपना दुकान लगा दिया जा रहा है। उन्हें अपना दुकान लगाने हेतु टेंगरा मार्केट वेंडिंग जोन में स्थल पहले ही उपलब्ध कराया जा चुका है, किंतु अपने तय स्थान पर दुकान ना लगाकर उन सभी विक्रेताओं के द्वारा पुनः सड़क पर अपना दुकान लगाया जा रहा था। जिसे नगर परिषद टीम के द्वारा सख्ती बरतते हुए हटाया गया। साथ ही उनके सामानों को भी जब्त किया गया एवं पुनः ऐसा ना हो इसके लिए उन्हें चेतावनी दी गई। इसके बाद जशपुर रोड के अतिक्रमण को हटाते हुए मेन रोड से चलकर नगर परिषद कार्यालय तक अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत उन सभी दुकानदारों को अंतिम रूप से चेतावनी दी गई की शहर में अतिक्रमण न करें अन्यथा आने वाले दिनों में यह अभियान ज्यादा सख्ती के साथ चलाया जाएगा एवं उनके सामानों को जब्त करते हुए भारी जुर्माना लगाया जाएगा तथा जो अवैध रूप से नालियों के ऊपर सीढ़ियां आदि बना दी गई हैं उन पर भी कड़ा रुख अपनाया जाएगा।

# निर्मला की बेटियों के नामांकन का रास्ता हुआ साफ

▸ *उसुर्लाइन विद्यालय में एलआरडीसी सुजाता कुजूर की अध्यक्षता में हुई सुलह समझौता*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उसुर्लाइन कांवेंट बालिका उच्च विद्यालय में अब निर्मला देवी की दोनो बेटियों के नामांकन का रास्ता साफ हो गया है। जिला प्रशासन की पहल पर स्कूल प्रबंधन ने नामांकन लेने के लिए सहमति जताई है। दरअसल उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर की अगुवाई में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अम्बुज पांडेय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामजीवन नायक तथा सीआरपी जीतेन्द्र मित्तल गुरुवार की सुबह विद्यालय पहुँचे। वहां पर स्कूल प्रबंधन के लोग और निर्मला देवी व उनकी दोनो बेटियों के बीच समझौता वार्ता कराया गया। जिसमें मीडिया कर्मियों ने भी अहम भूमिका निभाई। लगभग तीन घंटे से अधिक समय तक चला समझौता वार्ता सकारात्मक रही और दोनो पक्षों ने अपने अपने शर्तो पर सहमति जताई। जिसके बाद निर्मला देवी की दोनो बेटियां नैंसी प्रजापति और शैली प्रजापति का नामांकन का रास्ता साफ हो गया। बताया गया कि नैंसी का कक्षा आठ व शैली का कक्षा सात में नामांकन दाखिल होगी। मौके पर एलआरडीसी सुजाता कुजूर ने कहा कि सरकार की घोषित नीति है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ। इसके तहत जिला प्रशासन जिले की हर बेटी को पढ़ाने का बीड़ा उठाया है। आज बहुत ही दुख की बात है कि दो बच्चियों की पढ़ाई के लिए आमरण अनशन जैसा कदम उसकी मां को उठाना पड़ा। यह बहुत ही शर्मनाम विषय है। जिला प्रशासन स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों के बीच सुलह समझौता करा दिया है। स्कूल परिवार ने वादा किया है कि दोनों बेटियों का नामांकन दाखिल लेगी और किसी भी तरह का भेदभाव इन बच्चियों के साथ नही होगा। वही अभिभावकों को भी छोटी छोटी बात को इग्नोर करना चाहिए। बेटियों के भविष्य को अंधकार में नही डालना चाहिए। मौके पर अन्थोनी तिग्गा, मैनेजमेंट कमिटी राज्य सदस्य, रमेश कुमार सिंह, माइनॉरिटी माध्यमिक शिक्षक एसोसिएशन के राज्य सदस्य, सिस्टर बसंती, प्राचार्या सिस्टर आश्रिता, छात्र नेता आदित्य साहू, अभिभावक चमेली साहू, देवन्ति देवी, सचिन साहू, सत्यम कुमार, अजय प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे।



# डीसी ने चैनपुर के जनावर पंचायत स्थित लुपुंग पाट ग्राम का किया दौरा

**वन पट्टा के संबंध में ग्रामीणों के बीच ग्राम सभा का किया गया आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उन्होंने चैनपुर प्रखंड के जनावर पंचायत स्थित लुपुंग पाट ग्राम का दौरान किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर भी मौजूद रहे। दरअसल पिछले दिनों उक्त ग्राम के निवासियों द्वारा सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित आवेदन दिए गए थे, ग्रामीणों को वन पट्टा लेने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था जिसे देखते हुए आज उपायुक्त एवं जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से उक्त ग्राम का दौरा किया गया। लुपुंगपाट अंतर्गत लगभग 80 असुर समुदाय (पीवीटीजी समुदाय) के परिवार रहते हैं एवं उनका जीवन यापन खेती एवं जंगल पर ही आश्रित है। इस दौरान उपायुक्त एवं जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। इसके अतिरिक्त जंगली जानवरों से होने वाले क्षति के बाद मिलने वाले सहायता राशि / मुआवजा राशि के संबंध में भी ग्रामीणों से चर्चा की गई एवं उन्हे आवश्यक जानकारी भी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों से अन्य सुविधाओं जैसे बिजली, पानी एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में भी जानकारी ली एवं उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत ग्रामीणों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करें।





पीएम मोदी से टीम इंडिया ने की मुलाकात

# रोहित-द्रविड़ ने पीएम के हाथों में सौंपी ट्रॉफी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बारबाडोस से टी20 ट्रॉफी जीतकर लौटी भारतीय टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास पर पहुंची। पीएम ने करीब दो घंटे तक कोच राहुल द्रविड़ समेत पूरी टीम के खिलाड़ियों से बात की। पीएम संग टीम इंडिया की मुलाकात का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सभी काफी खुश नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने टीम के प्रत्येक सदस्य से बातचीत की और उन्हें उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी। रोहित शर्मा ने पीएम मोदी को ट्रॉफी सौंपी और पूरी टीम ने फोटो के लिए पोज दिए। इस मौके पर बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह भी मौजूद थे। इस मुलाकात के बाद भारतीय क्रिकेट टीम मुंबई के लिए रवाना होने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट के रास्ते पर है, जहां मरीन ड्राइव पर विक्ट्री परेड और वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान समारोह का आयोजन होना है। मुंबई एयरपोर्ट पहुंचने के बाद टीम वानखेड़े स्टेडियम जाएगी। बीसीसीआई ने नरीमन प्वाइंट से वानखेड़े तक एक किलोमीटर विक्ट्री परेड का

## विराट ने कहा, घर बुलाने के लिए 'थैंक्यू सर'

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप ट्रॉफी को जीतने के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया भारत लौट चुकी है, और सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास पर पहुंची। इस खास मुलाकात की तस्वीर विराट कोहली ने भी इंस्टाग्राम पर शेयर की है। भारतीय टीम की यादगार जीत से देश में खुशी का माहौल है। टीम इंडिया के टी20 चैंपियन बनने के तुरंत बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट किया। इसके बाद उन्होंने अगले दिन टीम से फोन पर बात की, और अब टीम के स्वदेश लौटते ही पीएम ने उनसे मुलाकात कर यह एक बार फिर साबित कर दिया की वो न सिर्फ राजनीतिक मुद्दों बल्कि हर क्षेत्र में एक्टिव हैं। इस मुलाकात का वीडियो सामने आ चुका है। वहीं, टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भी पीएम के साथ इस खास मुलाकात की एक फोटो शेयर की है।

# विमान के उतरने के बाद टीम को दिया गया 'वाटर सैल्यूट'

**एजेंसी। मुंबई**

बारबाडोस में टी20 विश्व कप 2024 में अपनी जीत का जश्न मनाते हुए मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया के लिए भव्य अभिनंदन समारोह की घड़ी नजदीक आने के साथ ही उम्मीद स्पष्ट हो गई है। गुरुवार शाम को शहर में उतरने पर भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को 'वाटर सैल्यूट' दिया गया। स्थानीय नायक रोहित शर्मा की कप्तानी में मैन इन ब्लू शाम 5:30 बजे मुम्बई पहुंचे, लेकिन उनके आगमन से कुछ घंटे पहले ही प्रशंसकों के बीच उत्साह चरम पर पहुंच गया था। दो भारतीय आइकन, विराट कोहली और रोहित शर्मा को एयरलाइन विस्तारा द्वारा सम्मानित किया गया। भारतीय टीम की दिल्ली से मुंबई की यात्रा के दौरान विस्तारा की उड़ान को जो कॉल साइन सौंपा गया है, वह इसे अद्वितीय बनाता है। 'यूके1845' दिल्ली से मुंबई की भारत की उड़ान का कॉल साइन है और यह विराट कोहली और रोहित शर्मा के जर्सी नंबर को दर्शाता है। नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक का मरीन ड्राइव क्षेत्र खचाखच भरा हुआ है, जहां हजारों लोग दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम की विजय परेड के लिए मुंबई के फोर्ट क्षेत्र में एकत्र हुए हैं। ऐसा लग रहा था जैसे लोगों का एक समुद्र हो जिसने कभी न सोने वाले शहर को थाम सा दिया हो। टीम को ले जाने वाली बस जब पश्चिमी एक्सप्रेस हाईवे से होते हुए बांद्रा-वर्ली सी लिंक से होते हुए नरीमन प्वाइंट तक एक काफिले में पहुंची तो लोग सड़क पर कतार में खड़े थे, जहां से वे लगभग 2 किमी की यात्रा करके वानखेड़े पहुंचेंगे, जहां उनका भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अभिनंदन किया गाया।

## रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, दुबे और जायसवाल महाराष्ट्र विधान भवन में होंगे सम्मानित

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को महाराष्ट्र विधान भवन में सम्मानित किया जाएगा। शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक के सुझाव के जवाब में स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा, इन खिलाड़ियों को निमंत्रण भेजा गया है, जो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से भी मिलेंगे। नार्वेकर ने सोशल मीडिया एक्स पर विधान भवन में इससे संबंधित चर्चा का वीडियो भी पोस्ट किया है। महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों ने आईसीसी विश्व कप जीतने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई देने वाले प्रस्ताव पहले ही पारित कर दिए हैं।

## सूर्यकुमार ने अपने नृत्य से किया मंत्रमुग्ध

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार सुबह आईटीसी मौर्या होटल में गर्मजोशी से हुए स्वागत समारोह के दौरान जमकर डांस करते हुए सुर्खियां बटोरीं। तूफान बेरिल के कारण बारबाडोस में तीन दिनों तक फंसे रहने के बाद भारतीय टीम बुधवार सुबह बारबाडोस से रवाना हुई और गुरुवार की सुबह इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। भारत पहुंचने के बाद हवाई अड्डे और फिर होटल में टीम का नायक की तरह स्वागत किया गया। अपनी यात्रा में देरी और थकान के बावजूद, जब नीले रंग की जर्सी पहने खिलाड़ी आईटीसी मौर्य होटल के लिए बस में चढ़े, तो उनका उत्साह ऊंचा था, जहां भारी उत्साह के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया।


## एक नजर

### झारखंड राज्य जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 26-27 जुलाई को

**रांची।** झारखंड स्वीमिंग एसोसिएशन के द्वारा 14वीं झारखंड राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन रांची में किया जाएगा। रांची जिला तैराकी संघ की देख रेख में 26-27 जुलाई को इसका आयोजन वीर बुधू भगत एक्वेटिक स्टेडियम, खेलगांव में होना है। रांची जिला तैराकी संघ के महासचिव उपेंद्र कुमार तिवारी के मुताबिक इस चैंपियनशिप के लिए रांची जिला की टीम तैयार की जाएगी।सात जुलाई को सुबह 8:30 बजे से खेलगांव के एक्वेटिक स्टेडियम में इसका ट्रायल होगा। समूह 1-2 में ऐसे कैंडिडेट भाग लेंगे जिनका जन्म वर्ष 2007 से 2012 के बीच का हो। समूह 3-4 में 13 से 16 आयु वर्ग के कैंडिडेट शामिल होंगे।

# राडुकानू तीसरे दौर में, ओसाका बाहर

**एजेंसी। लंदन**



एम्मा राडुकानू एलिस मर्टेंस पर 6-1, 6-2 की जोरदार जीत के साथ घरेलू ग्रैंड स्लैम विम्बलडन में बुधवार को महिला एकल के तीसरे दौर में पहुंच गईं, जबकि उनकी हमनाम एम्मा नवारो ने पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका को आसानी से 6-4, 6-1 से हराया।विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर दिन उन दोनों के नाम रहा क्योंकि उन्होंने अपने मौकों का पूरा फायदा उठाया और अपने विरोधियों को पछाड़ दिया, इस प्रक्रिया में राडुकानु ने केवल तीन गेम गंवाए। राडुकानू और मर्टेंस के बीच मैच नंबर 1 कोर्ट पर था, जो विंबलडन का दूसरा सबसे बड़ा स्थल था, जो एक बंद छत के नीचे खेला गया था। 21 साल पहले टोरंटो, कनाडा में जन्मी राडुकानू जब दो साल की थी तब अपने परिवार के साथ इंग्लैंड चली गईं। ब्रिटिश टेनिस की श्रेणी में आने के बाद, वह किशोरी के रूप में यूएस ओपन जीतकर सुर्खियों में आईं।

### शतरंज में गुकेश ने कारुआना को ड्रॉ पर रोका

**बुखारेस्ट।** विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में टूर्नामेंट लीडर और शीर्ष वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ ड्रॉ खेला। 4.5 अंकों के साथ कारूआना दो जीत और पांच ड्रॉ के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं, उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं, जो सभी कारूआना से आधे अंक पीछे हैं।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम से मिले भारत के एथलीट

**एजेंसी। बेंगलुरु**



स्पेशल ओलंपिक भारत के कर्नाटक चैप्टर के यूनिफाइड एथलीटों के एक दल ने बुधवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम से मुलाकात की, जो आगामी पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए वर्तमान में बेंगलुरु के साई सेंटर में प्रशिक्षण ले रही है। इस दौरे ने स्पेशल ओलंपिक के एथलीटों को टीम का अभ्यास देखने और अपना उत्साही समर्थन देने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। अभ्यास सत्र के बाद, एक दिल को छू लेने वाला मिलन और अभिवादन सत्र हुआ, जहाँ भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने विशेष ओलंपिक भारत के एथलीटों के साथ बातचीत की और उन्हें आगामी टूर्नामेंटों के लिए प्रेरणा और सलाह दी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने इस बातचीत के दौरान आभार व्यक्त करते हुए कहा, हम आपके समर्थन के लिए आभारी हैं। हालाँकि हमारी एथलेटिक गतिविधियाँ अलग-अलग हैं, लेकिन हम सभी के लिए यात्रा एक जैसी है। मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने कहा, स्पेशल ओलंपिक भारत का हमसे मिलना और हमें प्रेरित करना अद्भुत है। उनकी कहानियाँ और खेल के प्रति उनका प्यार सुनना वाकई प्रेरणादायक है।

सुब्रतो कप मुखर्जी इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट 2024-2025 का हुआ आयोजन

# सरकारी विद्यालयों के छात्र/छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : डीईओ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



प्रमंडल स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप मुखर्जी इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 2024 -25 का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय रामासाहू के स्टेडियम में आयोजित की गई। यह फुटबॉल प्रतियोगिता मुख्य रूप से अंडर-17 बालक वर्ग के छात्रों ने भाग लिया। इस फुटबाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आकाश कुमार, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सह खेल प्रभारी राकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर की।

इस प्रमंडल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में तीन टीमों ने भाग लिया जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आकाश कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कही की सरकारी विद्यालयों के छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है केवल निरंतर इस तरह के आयोजन के माध्यम से छिपी हुई प्रतिभा को आगे लाते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में जिले के छात्र/छात्राओं का चयन कराया जा सकता है। जबकि सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सह खेल प्रभारी ने संबोधित हुए संबोधित करते हुए कहा कि खेल के प्रति विभाग अत्यंत ही गंभीर है एवं विभाग की निर्देशानुसार इस तरह का आयोजन प्रत्येक वर्ष भव्य तरीके से किया जाएगा एवं छात्र-छात्राओं को बेहतर खेल महौल उपलब्ध कराते हुए प्रतिभा को निखार कर राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। इस भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, पूनम श्री, वीरेंद्र प्रसाद, सुनीता कुजूर विभा रानी, रवि सिंह, एडमोन कच्छप, रवि वैद्य, रेणु बाला संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी, शमशाद अहमद, शिक्षक जगन्नाथ राम, मनोज कुमार तिवारी सहित सभी लोग उपस्थित थे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### जोमैटो ने देशभर में बंद की अपनी 'एक्सट्रीम' सर्विस


**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवर करने वाली कंपनी जोमैटो ने अपनी हाइपरलोकल प्रोडक्ट डिलीवरी सर्विस 'एक्सट्रीम' को निलंबित कर दिया है। कंपनी ने ऐप को गूगल प्ले स्टोर से भी हटा दिया है। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर महीने में जोमैटो ने यह सर्विस शुरू की थी। 'एक्सट्रीम' को लगभग उन सभी 750-800 शहरों में लॉन्च किया गया जहां जोमैटो फूड डिलीवरी प्रोवाइड करती है। इसने शैडोफैक्स, पोर्टर, लोडशेयर द्वारा प्रोवाइड की जाने वाली सर्विसेज की तर्ज पर छोटे इंट्रासिटी पैकेज देने के लिए छोटे और बड़े दोनों व्यापारियों को टारगेट किया। हालांकि, अब एक साल के भीतर यह सर्विस बंद हो रही है।

### बंद हो रहा है भारत का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'कू'

**नई दिल्ली।** माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'कू', जो ट्विटर का एक लोकप्रिय विकल्प बन रहा था, अब बंद हो रहा है। यह घोषणा 'कू' के को-फाउंडर मयंक बिदवात्का और फाउंडर अपरामेय राधाकृष्णा ने विस्तार से बताया है। बीते कुछ वक्त से यह प्लेटफॉर्म कई कंपनियों से मर्जर की कोशिश कर रहा था, जो नाकाम रहीं और आखिरकार इसे बंद करना पड़ रहा है। 'कू' को साल 2020 में लॉन्च किया गया था और इसे भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान से जुड़ी पहल के तौर पर पेश किया गया था।

# इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए 44,000 करोड़ की सहायता का सुझाव

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत सरकार का जोर सेमीकंडक्टर के साथ घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने पर है, जिससे देश को दुनिया के सप्लाई चेन हब के रूप में विकसित किया जा सके। इसके लिए आईटी मंत्रालय ने एक टास्क फोर्स का गठन किया था, जिसने सरकार को सुझाव दिया है कि घरेलू कंपनियों को 2030 तक 44,000 करोड़ रुपये की सहायता दी जाए। मंत्रालय की ओर से इस टास्क फोर्स का गठन इस वर्ष जनवरी में किया गया था। इसका नेतृत्व अजय कुमार सूद कर रहे हैं, जो कि सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार हैं। इसके अलावा अन्य सदस्य जैसे एचसीएल के संस्थापक और ईपीआईसी फाउंडेशन के चेयरमैन अजय चौधरी और डिक्सन टेक्नोलॉजीज के एमडी सुनील वचानी इस टीम के सदस्य हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टास्क फोर्स ने प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम को 2030 तक बढ़ाने की सिफारिश की है। इससे एप्पल जैसी कंपनियों को भारत में आपूर्ति श्रृंखला बनाने में मदद मिलेगी और निर्यात बढ़ेगा। चौधरी ने कहा कि इसका मकसद भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स आयात बिल को कम करना है। उन्होंने आगे कहा कि अगले पांच वर्ष भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग के लिए काफी अहम होंगे। इससे अगले कई दशकों की दिशा तय होगी। हमें एक उत्पादक देश बनना है और ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट्स में चीन को कड़ी टक्कर देनी है। इसके लिए देश को अपने सबसे अच्छे लोगों को आगे लाना होगा। टास्क फोर्स के सदस्यों के मुताबिक, सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सुनिश्चित किया है कि भारतीय कंपनियां खुद को पुनर्जीवित करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर' अभियान के तहत लिए गए एक्शन को जमीनी स्तर पर काफी सराहना मिली है। उन्होंने आगे कहा कि अब हमारा फोकस वैल्यू-एडेड मैन्युफैक्चरिंग और भारत में उत्पादों के डिजाइन पर होना चाहिए।

### रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद फिसला शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का रिकॉर्ड बनने का सिलसिला आज भी जारी रहा। हालांकि सर्वोच्च शिखर पर पहुंचने के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से शेयर बाजार अपनी बढ़त कायम नहीं रख सका। इसके बावजूद पूरे दिन ज्यादातर समय शेयर बाजार हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। दिनभर की खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत और निफ्टी 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, हेल्थ केयर, रियल्टी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। दूसरी ओर मीडिया, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा।

# अब यूएई में यूपीआई के जरिए कर सकेंगे डिजिटल भुगतान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अब आसानी से मध्य पूर्व के देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में यूपीआई से भुगतान किया जा सकेगा। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने मिडिल ईस्ट और अफ्रीका की बड़ी डिजिटल कॉमर्स कंपनी नेटवर्क इंटरनेशनल के साथ साझेदारी की है। यूएई में अब भारतीय यात्री या एनआरआई पॉइंट ऑफ सेल मशीन के माध्यम से क्यूआर कोड के जरिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) भुगतान कर पाएंगे। एनपीसीआई इंटरनेशनल के सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा कि यूएई के मर्चेंट्स के बीच यूपीआई पेमेंट की बढ़ती हुई स्वीकार्यता केवल भारतीय यात्रियों के लिए ही नहीं सुविधाजनक होगा, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनोवेटिव डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशन को भी प्रमोट करेगा। एनपीसीआई ने कहा है कि 2024 में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) में भारतीय यात्रियों का आंकड़ा 98 लाख पहुंचने का अनुमान है। अकेले यूएई में 53 लाख के करीब भारतीयों के पहुंचने की संभावना है। भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और एनपीसीआई इंटरनेशनल मिलकर यूपीआई को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। फिलहाल भारत के बाहर नेपाल, श्रीलंका, मॉरीशस, यूएई, सिंगापुर, फ्रांस और भूटान में यूपीआई से भुगतान किया जा सकता है।

# एफएमसीजी सेक्टर में हो सकती है 7 से 9 प्रतिशत की आय वृद्धि

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में मांग के दोबारा लौटने और शहरी क्षेत्रों में मांगों में वृद्धि जारी रहने के कारण चालू वित्त वर्ष में एफएमसीजी सेक्टर की आय वृद्धि 7 से 9 प्रतिशत रह सकती है। गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स द्वारा 77 एफएमसीजी कंपनियों पर की गई स्टडी में कहा गया कि फूड और बेवरेज सेगमेंट में कच्चे माल की कीमत में एकल दर में इजाफा हुआ है। इससे कीमतों में मामूली वृद्धि होगी। वहीं, पर्सनल केयर और होम केयर सेगमेंट में कच्चे माल की कीमत स्थिर रहेगी। क्रिसिल रेटिंग्स के डायरेक्टर, आदित्य झावेर ने कहा कि हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 25 में 6 से 7 प्रतिशत की वॉल्यूम वृद्धि दर ग्रामीण क्षेत्र से देखने को मिल सकती है। इसकी वजह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि होना और अच्छे मानसून का होना है।

### दूरसंचार कंपनियों के दरें बढ़ाने से 0.20% बढ़ेगी मुख्य मुद्रास्फीति

**मुंबई।** देश की शीर्ष तीन दूरसंचार कंपनियों रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडियाज के शुल्क दर में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करने से वित्त वर्ष 2024-25 में मुख्य मुद्रास्फीति 0.20 प्रतिशत बढ़ सकती है। डायचे बैंक के विश्लेषकों ने मूल (कोर) मुद्रास्फीति को 0.20 प्रतिशत बढ़ाकर 3.8 प्रतिशत कर दिया है। मूल मुद्रास्फीति में खाद्य और ईंधन का प्रभाव शामिल नहीं होता। उन्होंने कहा कि दरों में वृद्धि के अलावा, कमजोर मानसूनी बारिश भी एक अन्य कारक है जो मुद्रास्फीति वृद्धि का कारण हो सकता है।

# भारत दुनिया के तीन सबसे आशावादी देशों में शामिल : सर्वे

**एजेंसी। नई दिल्ली**




एक ग्लोबल सर्वे में भारत को इंडोनेशिया और सिंगापुर के साथ दुनिया के तीन सबसे आशावादी देशों में जगह दी गई है। इस सर्वे में अलग-अलग देशों के लोगों की ओर से दिए गए इकोनॉमिक आउटलुक के आधार पर रैंक दी गई है। आईपीएसओएस द्वारा 'वॉट वरी द वर्ल्ड' नाम से जारी जून महीने के सर्वे में बताया गया कि 69 प्रतिशत भारतीयों का मानना है कि देश सही दिशा में जा रहा है। वहीं, सिंगापुर और इंडोनेशिया में ये आंकड़ा क्रमशः 79 और 70 प्रतिशत का है। यह आंकड़ा वैश्विक स्तर 38 प्रतिशत है। सर्वे में 38 प्रतिशत शहरी भारतीयों ने माना है कि महंगाई एक सबसे बड़ी चिंता है। वहीं, 35 प्रतिशत का मानना है कि बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है। पिछले सर्वे के मुकाबले महंगाई और बेरोजगारी की चिंता में क्रमशः 3 और 9 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो महंगाई को लेकर 33 प्रतिशत, जुर्म और हिंसा को लेकर 30 प्रतिशत, गरीबी और सामाजिक असमानता को लेकर 29 प्रतिशत, बेरोजगारी को लेकर 27 प्रतिशत और वित्तीय एवं राजनीतिक भ्रष्टाचार को लेकर 25 प्रतिशत लोग चिंतित हैं।

### 6 साल में फूड सर्विस मार्केट में आएगा दोगुना उछाल

**नई दिल्ली।** अब घर पर खाना बनाने का मन नहीं है तो हम तुरंत ऑनलाइन फूड ऑर्डर करे देते हैं। बीते कुछ सालों से भारत में फूड डिलीवरी मार्केट में शानदार तेजी देखने को मिली है। फूड सर्विस मार्केट की ग्रोथ को लेकर फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी और बेन एंड कंपनी ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार चालू दशक के अंत में फूड सर्विस मार्केट 9 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच जाएगा। वर्तमान में यह मार्केट 5.5 ट्रिलियन रुपये है। 9 ट्रिलियन रुपये तक मार्केट को पहुंचने में सालाना 18 फीसदी की दर से बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

# राजभवन घेराव करने जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों को मोरहाबादी में रोका

## पुलिसकर्मियों ने मानदेय बढ़ाने के लिए वर्ष 2020 और वर्ष 2021 में आंदोलन किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजभवन घेराव करने जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों को पुलिस ने मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया। अपनी मांगों के समर्थन में सहायक पुलिसकर्मी लगातार मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे हैं। तय कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मोरहाबादी मैदान से राजभवन घेराव के लिए निकले थे। इसके बाद सभी सहायक पुलिसकर्मी सड़क पर ही बैठ गए। सिटी डीएसपी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस मोरहाबादी मैदान में तैनात हैं और सहायक पुलिसकर्मियों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। 2300 सहायक पुलिसकर्मियों ने विभिन्न मांगों को लेकर गत दो जुलाई से मोरहाबादी मैदान स्टेज के समीप अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। आंदोलन के पहले दो दिनों तक सहायक पुलिसकर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर विरोध किया। इसके बाद एक जुलाई को जिला के सहायक पुलिसकर्मी सामूहिक अवकाश पर रहे। फिर दो जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। चार जुलाई को राजभवन का घेराव करना था। झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश एसोसिएशन के सचिव विवेकानंद गुप्ता ने बताया कि 10 अगस्त को उनका अनुबंध समाप्त हो जायेगा। इसके बाद उनका अनुबंध रिनुवल होगा या नहीं, यह भी क्लियर नहीं है।



पुलिसकर्मियों ने मानदेय बढ़ाने के लिए वर्ष 2020 और वर्ष 2021 में आंदोलन किया। उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया गया लेकिन चार साल बीतने के बाद भी उनकी मांगें पूरी नहीं हुई है। इससे सहायक पुलिसकर्मियों में आक्रोश है। पिछले आंदोलन के दौरान मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि ने उन्हें आश्वासन ही नहीं, मांग पूरी करने के लिए शपथ पत्र पर हस्ताक्षर भी किया था। झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश द्विवेदी ने कहा कि 2300 सहायक पुलिसकर्मी पिछले सात साल से मात्र 10 हजार रुपये के मानदेय पर नौकरी कर रहे हैं। इनमें कई सहायक पुलिसकर्मियों की दूसरी जगह पर नौकरी करने की उम्र भी समाप्त हो गयी है। उल्लेखनीय है कि नक्सलियों के संबंध में सूचना देने के लिए सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली की गयी थी लेकिन उनसे पुलिस का सारा काम जैसे विधि-व्यवस्था, ट्रैफिक, थाना ड्यूटी, चुनाव ड्यूटी आदि में लगाया जाने लगा। सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली राज्य के 12 जिला गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, दुमका एवं गिरिडीह में हुई थी। वर्तमान में हर जिला में सहायक पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।

# समावेशी और स्वच्छ मतदाता सूची के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक : रवि कुमार

## सीईओ ने सभी एईआरओ के साथ की समीक्षा बैठक

### मतदान केंद्रों के सूची में नाम की शिकायत प्राप्त हुई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य में चल रहे कार्यों के संदर्भ में सभी एईआरओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस अवसर पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम में किये जाने वाले कार्यों से संबंधित पीपीटी के माध्यम से पदाधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि समावेशी मतदान के लिए स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण आवश्यक है। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।




विगत लोकसभा निर्वाचन में कुछ शहरों से गलत विलोपन एवं एक ही परिवार के लोगों का अलग-अलग मतदान केंद्रों के मतदाता सूची में नाम की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसे अविलम्ब ठीक कर लिया जाए। कुमार ने कहा कि निर्वाचन की सभी गतिविधियां परस्पर एक-दूसरे से संबद्ध है। एक जगह गलती होने से पूरी प्रक्रिया प्रभावित होती है। सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में भौतिक निरीक्षण कर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइसजर के कार्यों की समीक्षा करते रहें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े राज्य के पदाधिकारी अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नए मतदाता पहचान पत्र के आवेदन, क्षतिग्रस्त मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन एवं स्वच्छ एएसडी सूची के निर्माण कार्य का अनुश्रवण जरूर करें। हम सभी का सामूहिक ध्येय रहे कि आगामी विधानसभा निर्वाचन में कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे।

## हाई कोर्ट में टीपीसी के कमांडर भीखन गंझू की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में आरोपित तृतीय प्रस्तुति समिति (टीपीसी) के जोनल कमांडर भीखन गंझू उर्फ दीपक कुमार की जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने पूर्व में भीखन गंझू की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। एनआईए से जुड़े एक मामले में वह 25 मार्च 2022 से जेल में है।

## भाकपा ने हेमन्त सोरेन को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई

**रांची।** भाकपा के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक और जिला सचिव अजय सिंह ने हेमन्त सोरेन को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि हेमंत सोरेन के आने से झारखंड का विकास और तेज होगा। दोनों भाकपा नेताओं ने संयुक्त रुप से गुरुवार को कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड एक विकसित राज्य बनेगा। पूरे देश में सांप्रदायिक सौहार्द का मिशाल कायम रहेगा । भाकपा झारखंड हित में लिए गए हर फैसले में सरकार के साथ मजबूती से खड़ा रहेंगी।

## मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के पहले ही कांग्रेस के झारखंड प्रभारी निकल गये दिल्ली

**रांची।** राज्य में नये मुख्यमंत्री के गठन को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व का विशेष दूत बनकर आए झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर गुरुवार को दिल्ली चले गए। हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण के पूर्व ही मीर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। सूत्रों ने बताया कि मीर कांग्रेस विधायकों से रायशुमारी करके एक रिपोर्ट साथ ले गए हैं। अब दिल्ली में नयी हेमंत सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्री और विधायक दल के नेता को लेकर मंथन होगा। जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के बदले डॉ इरफान अंसारी का मंत्री के रूप में नाम तय माना जा रहा है। लेकिन विधायक दल का नेता सहित अन्य विषयों पर निर्णय कैबिनेट विस्तार के पहले ही आ सकेगा।

## पोटा मामले के दो आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त सह पोटा मामले के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने गुरुवार को पोटा (प्रीवेन्शन ऑफ टेररिस्ट एक्ट) के मामले में दो आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। इस केस की सुनवाई 22 वर्ष से चल रही थी। कोर्ट ने ट्रायल फेस कर रहे दारा चंद्रवंशी और रामाधार राम को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दोनों गढ़वा जिला के निवासी हैं। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से दो आईओ, डॉक्टर, छापेमारी दल के शामिल पुलिस कर्मी और स्थानीय लोग सहित 24 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

इसमें सात स्थानीय गवाह गवाही के दौरान मुकर गए। इसका लाभ आरोपितों को मिला। घटना को लेकर साल 2002 में पोटा अधिनियम के तहत गढ़वा जिले के रंका थाना में केस दर्ज किया गया था। चिनिया ओपी के तत्कालीन प्रभारी संजय सिंह को 21 दिसंबर, 2001 को वायरलेस पर सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश चिनिया पिकेट पर गोलाबारी कर रहे हैं। इमें रामचंद्र साही की मौत हो गई थी।

## झाप्रसे के चार अधिकारियों का तबादला

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के चार अफसरों का तबादला किया है। लातेहार के एसडीएम कौशल कुमार को दुमका का एसडीएम बनाया गया है। वहीं, दुमका के एसडीएम अजय कुमार रजक को लातेहार का एसडीएम बनाया गया है। पूर्वी सिंहभूम के अपर आयुक्त रोहित सिन्हा को नगर आयुक्त देवघर नगर निगम के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जबकि देवघर के नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) का अपर उपायुक्त के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने बुधवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है।


**कार्यालय,**
**जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**मछली–सह–बत्तख पालन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 04 रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के आलोक में गढ़वा जिले के मत्स्य कृषक/RFF समूह को समेकित मत्स्य पालन की ओर उन्मूख करने तथा उनकी आय में बढ़ोतरी हेतु निजी तथा सरकारी क्षेत्र के लिए राज्य योजनान्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना के तहत मछली–सह–बतख पालन की योजना है, इस योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले को प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कोटि | भौतिक लक्ष्य (युनिट में) | इकाई लागत | अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | समेकित मत्स्य पालन (मछली–सह–बत्तख पालन) | सामान्य | 04 | 153350/– प्रति 0.4 हे0 जलक्षेत्र। | अ0जा0/अ0ज0जा0/महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदन 80% (अधिकतम 122680 रुपये होगी) एवं अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए 70% (अधिकतम 107345 रुपये होगी) तथा शेष सभी राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। |
| | | अ0ज0जा0 | 01 | | |
| | | कुल– | 05 | | |

**नियम व शर्तें :–**

1. एक एकड़ अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को प्राथमिकता दी जायेगी। किन्तु एक स्थल/लाभुक पर एक युनिट (160 डकलिंग) ही स्वीकृत किया जायेगा। 0.2 हे0 जलक्षेत्र पर मछली–सह–बत्तख पालन योजना के लिए राज्य सरकार के अंशदान की राशि समानुपातिक रुप से लागू होगी।
2. आर0एफ0एफ0 के लिए भी प्रति स्थल अधिकतम दो इकाई की परियोजना होगी एवं लाभुक अंशदान वहाँ कार्यरत लाभुक समूह/म0जी0स0स0 द्वारा वहन किया जायेगा।
3. लाभुक का अपना निजी तालाब अथवा वित्तीय वर्ष 2024–25 से तीन वर्षो के लिए लीज पर होना आवश्यक है।
4. प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो एवं जिला मुख्यालय के नजदीक के आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. लाभुक के अंशदान तथा अनुदान की प्रथम किस्त की राशि से बत्तख घर (Duck House) का निर्माण, Starter feed/Medicines तथा Duckling के क्रय किये जायेंगे। (Duck House) लाभुकों द्वारा स्थानीय स्तर पर बनवाया जायेगा।

उपर्युक्त विवरण एवं शर्तों के अधीन इच्छुक मत्स्य पालक/RFF समूह से विहित प्रपत्र में दिनांक 24.07.2024 अप0 5:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह0/– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR.NO.328658 Fish(24-25):D



**OFFICE OF THE DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, GARHWA**
**Notice regarding vacancy of Member in Permanent Lok Adalat, Garhwa**

Application in the prescribed format is invited from persons having adequate experience in public utility services *(transport service for the carriage of passengers or goods by air, road or water or postal telegraph or telephone service or supply of power light or water to the public by any establishment or system of public conservancy or sanitation or service in hospital or dispensary or insurance services or banking service or education or educational institutions or housing and real estate services)* of filing up the post of Member, PLA of Garhwa.

**Number of Post :** 02
**Entitlement :** Sitting fee of Rs. 2000/- per sitting and Rs. 5000/- conveyance allowance per month.
**Period of appointment :** The Member shall hold office for a term of 05 years or till the age of sixty-five years, whichever is earlier. Applicant must attach **one recent passport size photograph affixed in application, two self addressed stamped envelope (Rs. 42/- each)** with the application.
**Last Date of application :** Application addressed to **The Chairman, District Legal Services Authority, Civil Courts, Garhwa** must reach by Speed Post/Courier/Registered Post latest by 05.08.2024 by 05:00 PM.

**Application for the post of Member, PLA, Garhwa**

**FORMAT**

Photograph

| | |
|---|---|
| Name of Applicant | |
| Fathers Name | |
| DOB and Age | |
| Address with PIN Code | |
| Contract No. | |
| Email address | |
| Educational Qualification *enclose copies of educational qualification* | |
| Experience, Work Profile Certificate, if any *enclose copies of experience certificate* | |
| Whether convicted in any criminal case or any criminal case pending against the candidate (Yes/No) | |

**DECLARATION**

I ______________________ hereby declare that all the contains mentioned above are true and nothing has been concealed by me. If any statement is found incorrect or misleading, my candidature may be cancelled.

Date and Place : Signature of applicant and Mobile No.

Sd/-
Secretary, D.LS..A. Garhwa

PR 328648 Law (24-25)_D



**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**
**Tender Ref. No.-05/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 04.07.2024**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction Of Hsc Building At Andharibagh, Block- Pipra, Dist - Palamu | Rs. 56,32,500.00 | 06 Months |
| 2 | Construction Of Hsc Building At Mahuganwa Block- Chainpur, Dist – Palamu | Rs. 56,32,500.00 | 06 Months |
| 3 | Various Tourist Development Work of Sun Temple in Vill Dangwar, Hussainabad, Palamu. | Rs. 54,99,000.00 | 06 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10-07-2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 20-07-2024 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 22-07-2024 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- द्वितीय Call का पी0आर0 संख्या :–PR 325465 District(24-25):D
- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders. gov.in पर किया जा सकता है।

**Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.**

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR.NO.328677 Building(24-25):D



**Govt. of Jharkhand**
**Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa**

**Notice Inviting Tender**
**E- Tender NoticeNo. : GNP-02/2024-25 Dated : 03.07.2024**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Departme and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in t bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| S.No. | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion | Head |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Squash Market Shop Near Nilampber Pitamber Park in Ward No. 11 Under Nagar Parishad Garhwa | 2495000.00 | 49900.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 02 | Steel Furniture Work of Traffic Signs, Markings & Other Road Appurtenances in Ward No. 01 to 21 | 2413000.00 | 48300.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 03 | Construction of Burning Shed At Tilaiya River, Shamshan Ghat In Ward No 02/07 Under Nagar Parishad Garhwa. | 2471000.00 | 49500.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 04 | Construction of Burning Shed At Karamdih Puliya, Sahijana In Ward No 02/07 Under Nagar Parishad Garhwa. | 2471000.00 | 49500.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 05 | Construction of Burning Shed At Ghatoana, Pipal Tree, Sahijana In Ward No 14 Under Nagar Parishad Garhwa. | 2471000.00 | 49500.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 06 | Construction of Burning Shed At Danro River, Bhagalpur Near Bagyicha Ghat In Ward No 21, Under Nagar Parishad Garhwa. | 2471000.00 | 49500.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 07 | Construction of Burning Shed At Tandwa Dah Sanskar, In Ward No 19 Under Nagar Parishad Garhwa. | 2471000.00 | 49500.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 08 | Construction of RCC Drain From Raja Singh House to LN Mishra Houses and Yashwant Singh House to Banshidhar Mehta House in Pipra Kala, Ward No 12 | 2392000.00 | 47900.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 09 | Construction of RCC Drain From Samsad Khan Housees to Jamaluddin Mukhiya Houses in Ward No 01, Unchari | 649000.00 | 13000.00 | 5000.00 | 01 ekg | 15osa foÙk |
| 10 | Construction of RCC Drain From Firoj Ansari Houses TO Sonu Khan Houses Vaya Rahim Ansari in Ward No-01, Uncahri | 1498000.00 | 30000.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 11 | Construction of RCC Drain From Guddu Rangila Houses To Vinod Mahto Houses in Ward No. 03, Sonpurwa | 1714000.00 | 34500.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 12 | Construction of RCC Drain From (1) Irfan Master Houses to Lalbabu Tayar Godam, From (2) Samsad House to Saktiyaj Khan Houses in Ward No. 03, Sonpurwa | 1819000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 13 | Construction of RCC Drain From Binod Keshri Houses to Kanhaiyalal Keshri Near NH-75 in Ward No-04, Sonpurwa | 775000.00 | 15500.00 | 5000.00 | 01 ekg | 15osa foÙk |
| 14 | Construction of RCC Drain From Station Road in Rameshwar Gond Houses to Vishwanath Singh House in Ward No. 04, Sonpurwa | 537000.00 | 10800.00 | 5000.00 | 01 ekg | 15osa foÙk |
| 15 | Construction of RCC Drain From Rehala Road NH- 75 to Bhathi Muhalla Indian Public School in Ward No05, Sonpurwa, Part (A) | 1893000.00 | 37900.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 16 | Construction of RCC Drain From (1) Ajay Prajapati Houses to Gautam Kumar Houses, From (2) Mobin Khan Houses to Jagdish Gond Houses in Ward No. 06, SOnpurwa | 1342000.00 | 26900.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 17 | Construction of RCC Drain From (1) Govind Saw Houses to Rajkumar Houses, (2) Uday Prasad Houses to Nand Kumar Gupta Houses, From (3) Pradeep Vishwakarma Houses to Umesh Vishwakarma Houses in Ward No 06, Sonpurwa | 1044000.00 | 20900.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 18 | Construction of RCC Drain From Bharat Ram Houses to Ganesh Keshri Houses vaya Arvind Bahelia Houses to Krishna Prasad Houses in Ward No. 07 | 969000.00 | 19400.00 | 5000.00 | 01 ekg | 15osa foÙk |
| 19 | Construction of RCC Drain From Sudhir Pal Houses to Hridyanand Singh Houses vaya Kamlesh Pasi Houses to Vinod Pasi Houses in Ward No. 07 | 1963000.00 | 39300.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 20 | Construction of RCC Drain From Sugan Paswan Houses to Nasim Houses at Right Side of Road in Ward No. 08, Nagwan | 1476000.00 | 29600.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 21 | Construction of RCC Drain From R Dwiwedi to Ramasrif Dubey & Late Rambahadur Singh to Sanjay Ram & Rahul Bhawan to Sarswati River (Part B) in Ward No. 09, Dipuwan | 1059000.00 | 21200.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |
| 22 | Construction of RCC Drain From Akram Khan Photo State shop to Hashanand Pandey Houses in Ward No. 10 | 753000.00 | 15100.00 | 5000.00 | 01 ekg | 15osa foÙk |
| 23 | Construction of RCC Drain From Houses of Kuldeep Narayan Singh to harijan School in Kamlapuri Muhalla in Ward No. 10. | 1744000.00 | 34900.00 | 5000.00 | 03 ekg | 15osa foÙk |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money.
2. Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1. | Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Office of Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Date-**08.07.2024** Time 10:00 A.M | Date- 26.07.2024 Time 5:00 P.M. | **Date 29.07.2024** Time 11:00 A.M |

**Note : 1.** Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 9431141644, 8409053313
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

Sd/-
**EXECUTIVE OFFICER**
**NAGAR PARISHAD GARHWA**

PR 328594 Urban Development (24-25)_D

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


ब्रीफ न्यूज

## पीएम मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर रूस और आस्ट्रिया जायेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 08 से 10 जुलाई को रूस और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 08-09 जुलाई 2024 को मास्को में होंगे। यहां पर 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखरवार्ता आयोजित है। विदेश मंत्रालय के अनुसार शिखर सम्मेलन में दोनों नेता देशों के बीच बहुमुखी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के समसामयिक क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी 09 से 10 जुलाई के दौरान ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे।

## राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का इस्तीफा



**जयपुर।** राजस्थान के कृषि मंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे की खबर के बीच उन्होंने गुरुवार (4 जुलाई) को एक्स पोस्ट पर रामचरितमानस की बहु प्रचिलित चौपाई को कोट किया। डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार अभियान के दौरान ही ऐलान कर दिया था कि अगर वो पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी सही प्रकार से नहीं निभा पाए तो इस्तीफा दे देंगे।

## शनचोउ-18 के अंतरिक्ष यात्री दल का दूसरा स्पेसवॉक मिशन पूरा



**बीजिंग।** चीनी समानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना कार्यालय से मिली खबर के अनुसार बुधवार की रात को 10 बजकर 51 मिनट पर शनचोउ-18 के तीन अंतरिक्ष यात्रियों ये क्वांगफू, ली त्छोंग और ली क्वांगसू ने अंतरिक्ष स्टेशन के रोबोटिक बांहों और जमीनी वैज्ञानिक शोधकर्ताओं के समर्थन से करीब 6.5 घंटे तक स्टेशन के बाहर स्पेसवॉक का मिशन पूरा किया।

# विश्व विजेता टीम इंडिया का हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई के मरीन ड्राईव चौपाटी पर गुरुवार शाम टी 20 विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार परेड किया। इस मौके पर टीम इंडिया के रणबांकुरों को देखने के लिए मुंबईवासियों का जनसमूह उमड़ पड़ा। इससे पहले वानखेड़े स्टेडियम के पास मुंबई वासियों की भारी भीड़ जमा हो गई थी, जिससे एक बार भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। तब पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया, जिससे तत्काल स्थिति संभल गई। नरीमन पॉइंट से लेकर चर्चगेट तक का पूरा इलाका प्रशंसकों से खचाखच भरा हुआ था। इसके पूर्व टी-20 वर्ल्ड कप की जीत के जश्न में दिल्ली से मुंबई जा रही टीम इंडिया की विस्तारा फ्लाइट को छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरते हुए वॉटर सैल्यूट दिया गया। टी 20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद विश्व चैंपियन टीम इंडिया का स्वागत समारोह वानखेड़े स्टेडियम में रखा गया। इतना ही नहीं इस स्वागत समारोह के लिए वानखेड़े स्टेडियम ने कोई शुल्क नहीं रखा गया था। इसलिए प्रशंसकों की भारी भीड़ वानखेड़े स्टेडियम में जमा हो गई थी। स्टेडियम फुल होने पर भी प्रशंसक वहां जाना चाहते थे, जिससे वानखेड़े स्टेडियम के गेट नंबर-2 पर भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस को हल्का लाठीचार्ज कर स्थिति को सभालना पड़ा।




## कृषि व ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए राज्यों को हरसंभव मिलेगी सहायता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू और ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डा. चंद्रशेखर पेम्मासानी भी उपस्थित रहे। इस मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आंध्र प्रदेश में कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। उन्होंने कृषि व ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए राज्यों को हरसंभव सहायता का भी आश्वासन दिया।



## जब अचानक 10 जनपथ पहुंच गए मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कई बार देखा गया है । राहुल गांधी के हर भाषण में उनके जुबान पर हालिया कुछ वर्षों में दो नाम रहता है। राहुल गांधी की भाषण को माने तो मोदी सरकार केवल 2 उद्योगपतियों की जेब में है और उनके लिए ही सारे पैसे लिया करते हैं! राहुल की तरफ से हालिया संसद में भी दोनों को लेकर निशाना साधा गया। उन्होंने कहा कि उद्योगपति अडानी, अंबानी, कोटा में पूरी परीक्षा केंद्रीकृत है और अमीरों को फायदा पहुंचाने के लिए है।

## मस्क मुकरे, टेस्ला भारत में पैसा नहीं लगाएगी

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में बदली परिस्थितियों में एलन मस्क की कंपनी टेस्ला पैसा नहीं लगाएगी। भारत में उसकी निवेश की योजना को न के बराबर ही माना जा रहा है।भारत सरकार के एक केंद्रीय मंत्री अमेरिका टेस्ला कंपनी में भी गये थे।पर लगता है बदले हालात में मामला खटाई में पड़ गया है। कई अन्य विदेशी कंपनियां भारत में निवेश करने से हिचकने लगी हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ला के अधिकारियों ने भारत सरकार से बातचीत बंद कर दी है। एलन मस्क ने भारत आने का प्लान तो अप्रैल में ही कैंसिल कर दिया था। तब से टेस्ला ने भारत सरकार से कोई बात नहीं की है। ब्लूमबर्ग के अनुसार टेस्ला ने भारत सरकार को बताया है कि उसके पास अभी निवेश के लिए पैसे की कमी है। इसलिए वह फिलहाल भारत में पैसा नहीं लगाएगी।मस्क अप्रैल में भारत आने वाले थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने वाले थे। लेकिन उन्होंने कंपनी के कामों का हवाला देते हुए अपनी यात्रा रद्द कर दी। भारत सरकार ने विदेशी कंपनियों के लिए ईवी इम्पोर्ट टैक्स कम कर दिया है। लेकिन इसके लिए कंपनियों को भारत में 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा और तीन साल के अंदर स्थानीय स्तर पर नवी का उत्पादन शुरू करना होगा।

अब भारत सरकार टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसी घरेलू कंपनियों पर निर्भर है। सरकार को उम्मीद है कि ये कंपनियां भारत में EV उत्पादन को बढ़ावा देंगी। ब्लूमबर्ग के सूत्रों ने कहा कि अगर टेस्ला भारत में निवेश करना चाहती है तो उसका स्वागत है। वह नई इम्पोर्ट टैक्स नीति का फायदा उठा सकती है। उन्होंने कहा, 'टेस्ला को नई इम्पोर्ट टैक्स नीति का फायदा उठाने के लिए अब भी स्वागत है, यदि मस्क फिर से बातचीत शुरू करते हैं तो।'

# एजुकेशन/करियर



**रजनीश।** केमिकल इंजीनियरिंग इंजीनियरिंग की एक शाखा है जो रसायनों और अन्य उत्पादों के उत्पादन के लिए संयंत्रों और उपकरणों के डिजाइन, निर्माण और संचालन से संबंधित है। केमिकल इंजीनियरिंग किसी भी उत्पाद की उत्पादन करने के सबसे आसान तरीके को ढूंढने के लिए सबसे अच्छे संसाधन का उपयोग करते हैं. केमिकल इंजीनियरिंग की शुरुआत पहली बार यूके से हुई थी. यूके में दुनिया का पहला केमिकल इंजीनियरिंग कोर्स 1887 में मैनचेस्टर विश्वविद्यालय में जॉर्ज ई. डेविस द्वारा शुरु किया गया था। केमिकल इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग की ही एक शाखा है, जिसमें रासायनिक संयंत्र के ऑपरेशन और डिजाईन के साथ-साथ उत्पादन में सुधार के तरीके के बारे में भी पढ़ाया जाता है।

### आखिरकार प्रस्ताव हुआ पारित...

- रासायनिक इंजीनियर क्या करते हैं
- स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना
- उन्नत विनिर्माण प्रक्रियाओं पर अनुसंधान करना
- उपकरण लेआउट की डिजाइनिंग और योजना बनाना
- खतरनाक रसायनों के साथ काम करने के लिए सुरक्षा प्रक्रियाओं को शामिल करना
- उत्पादन प्रक्रियाओं के प्रदर्शन की निगरानी और अनुकूलन
- उत्पादन लागत का अनुमान लगाना

### ऐसे ले प्रवेश

- साइंस स्ट्रीम (फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी) में 10+2 पूरा करे।
- कैमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और बीई नामाकंन लेष।

जेईई मेन, जेईई एडवांस या राज्य स्तर के प्रतियोगिता परीक्षाओं को क्वालिफाई करे।

### केमिकल इंजीनियरिंग के बाद नौकरी के क्षेत्र

- पैट्रोलियम इंडस्ट्री
- फूड इंडस्ट्री
- टेक्सटाइल इंडस्ट्री
- केमिकल
- मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री
- रबर इंडस्ट्री
- पेपर इंडस्ट्री
- प्लास्टिक इंडस्ट्री
- सीमेंट इंडस्ट्री
- पब्लिक सेक्टर इंडस्ट्री
- फर्टिलाइजर इंडस्ट्री

# केमिकल इंजीनीयरिंग में बना सकते है अपना करियर

### केमिकल इंजीनियरिंग के सब-स्पेशलाइजेशन

**बायोमेडिकल इंजीनियरिंग :** यह फील्ड बायोलॉजी और हेल्थ केयर की फ़ील्ड्स में इंजीनियरिंग के प्रिंसिपल्स और कन्सेप्ट्स अप्लाई करती है। बायोइंजीनियर्स अक्सर डॉक्टर्स, थेरेपिस्ट्स और रिसर्चर्स के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि मेडिकल प्रॉब्लम्स को सॉल्व करने के लिए सिस्टम्स, इक्विपमेंट और डिवाइस विकसित किए जा सकें।

**प्रोसेस इंजीनियरिंग :** प्रोसेसिंग इंजीनियरिंग का फोकस केमिकल, फिजिकल और बायोलॉजिकल प्रोसेसेज की डिजाइनिंग, ऑपरेशन, कंट्रोल, ऑप्टिमाइजेशन और इंटेंसिफ़ीकेशन कार्य पर होता है। प्रोसेस इंजीनियरिंग में कई इंडस्ट्रीज शामिल होती हैं जैसे कि केमिकल, पेट्रोकेमिकल, एग्रीकल्चर, मिनरल प्रोसेसिंग, एडवांस्ड मेटीरियल, फ़ूड, फार्मास्यूटिकल, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, ऑटोमेटिव और बायोटेक्नोलॉजिकल इंडस्ट्रीज।

**फ़ूड प्रोसेसिंग :** इस फील्ड में कच्चे मटीरियल्स को उपयोगी फ़ूड प्रोडक्ट्स में बदलने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली टेक्निक्स का अध्ययन शामिल होता है। यह फ़ूड को प्रिजर्व करने, कंजर्व करने के साथ ही प्रोसेसिंग कार्यों के तरीकों में सुधार लाने और नए तरीके तलाश करने से संबद्ध कार्य भी करती है। इस फील्ड के तहत फ़ूड प्रोडक्ट्स से जुड़े क्वालिटी कंट्रोल प्रोसीजर्स, फूड एडल्टरेशन, फ़ूड प्रोडक्ट्स की न्यूट्रीशनल वैल्यू को कंट्रोल करने जैसे सभी विषय शामिल होते हैं।

**इलेक्ट्रोकेमिकल :** यह फील्ड इलेक्ट्रोकेमिकल फिनोमिना जैसेकि केमिकल्स की इलेक्ट्रो सिंथीसिस, इलेक्ट्रोविनिंग, इलेक्ट्रोकेमिकल सेपरेशन्स और कोरोजन के एप्लीकेशन से संबद्ध कार्य करती है।

**पॉलीमर :** पॉलीमर इंजीनियरिंग की फील्ड प्लास्टिक या संबद्ध इक्विपमेंट और प्रोसेस से सम्बंधित डेवलपमेंट और टेस्टिंग कार्य करती है।

### कैमिकल इंजीनीयरिंग के लिए संस्थान

- आईआईटी, दिल्ली
- आईआईटी, गुवाहाटी
- आईआईटी, रुड़की
- आईआईटी, रोपड़ो
- आईआईटी, हैदराबाद
- आईआईटी, गोवा
- आईआईटी, धारवाड़
- आईआईटी, भुवनेश्वर
- आईटीआई, गांधीनगर
- आईटीआई, जोधपुर
- आईटीआई, पटना
- आईटीआई, मंडी
- आईटीआई, वाराणसी
- आईटीआई, तिरुपति
- आईटीआई, धनबाद (आईएसएम)
- आईटीआई, भिलाई
- आईटीआई, खरगपुर
- आईटीआई, मद्रास
- आईटीआई, कानपुर
- आईटीआई, इंदौर
- आईटीआई, पलक्कड़
- आईटीआई, बॉम्बे
- लखनऊ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, लखनऊ
- इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ऊना
- रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई
- मेडी-कैप्स विश्वविद्यालय, इंदौर
- विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर
- दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, सुरथकाली
- एपीजी शिमला विश्वविद्यालय, शिमला
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
- आल इंडिया श्री शिवाजी मेमोरियल सोसाइटी कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, पुणे
- साइंस यूनिवर्सिटी, गुंटूर
- सविता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई

### केमिकल इंजीनियरिंग के विषय

- कैटेलिसिस एंड रिएक्शन ऑफ़ बायोफ्यूल्स बायोमोलेक्यूलर और
- बायोकेमिकल इंजीनियरिंग
- सेलुलर इंजीनियरिंग
- कम्प्यूटिंग और सिमुलेशन
- इलेक्ट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग नैनो
- थर्मोडाइनामिक्स
- मटेरियल
- पॉलिमर एंड काम्प्लेक्स
- लिक्विड
- पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सस्टेनेबल एन्वायरमेंटल
- इंजीनियरिंग माइक्रोफैब्रिकेटेड सिस्टम

*केमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से की जाती है इसके लिए अलग-अलग वेबसाइट भी हैं।*